सोमवार
20 मई 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा आजमगढ़, निकलेंगे ढेरों निरहुआ : सीएम योगी

6



## मनेर के गंगा नदी में नाव पलटी 10 की बची जान, दो लोग लापता

### तेज हवा के कारण संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना से सटे मनेर के महावीर गंगा नदी घाट पर रविवार को उस समय अफरातफरी का माहौल हो गया जब सब्जी लदी एक नाव पलट गई। नाव पर 12 लोग सवार थे। नाव पलटते ही सभी लोग नदी में डूबने लगे। किसी तरह 10 लोग तैरकर बाहर निकल आए। वहीं खबर लिखे जाने तक दो लोग लापता थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची और रेस्क्यू शुरू कर दिया। एसडीआरएफ की टीम लगातार दोनों लापता युवकों को गंगा नदी में खोज रही है।

जानकारी के अनुसार नाव पर सब्जी लोड करके सभी लोग वापस लौट रहे थे तभी मनेर के महावीर टोला गंगा नदी के पास नाव का संतुलन बिगड़ा और यह नदी में समा गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि महावीर टोला गंगा घाट पर एक नाव डूबी है। इसमें 12 लोग सवार थे। जिसमें से दो लोग लापता हैं। एसडीआरएफ की टीम लोगों की तलाश में जुटी है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग दियारा में खेती करते हैं। सब्जी लेकर वापस लौट रहे थे, तभी तेज हवा के कारण नाव का संतुलन बिगड़ा और नाव पलट गई।

# नीतीश ने किया वादा... 2025 से पहले 10 लाख लोगों को देंगे रोजगार

- सीएम नीतीश कुमार ने सिवान और गोपालगंज में चुनावी रैली को किया संबोधित
- बोले- कांग्रेस कभी नहीं करा सकती जातीय जनगणना

**केटी न्यूज/पटना**





सीएम नीतीश कुमार ने रविवार को सिवान के बड़कागांव में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर जुबानी हमला बोला। सीएम ने जेडीयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा के लिए लोगों से वोट अपील की। साथ ही मौजूद लोगों से एनडीए को 400 पार का आंकड़ा पार कराने की अपील की। साथ ही नीतीश कुमार ने बिहार में हुए जातीय गणना को अपने सरकार की उपलब्धि बताते हुए कांग्रेसियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी जातीय जनगणना करा सकता है क्या? नीतीश कुमार ने यहां तक कह दिया कि जब मैं महागठबंधन में था, कांग्रेस जातीय गणना कराने के पक्ष में नहीं थी। वहीं, अब जब मैं एनडीए के साथ हूं तो कांग्रेस जातीय गणना का राग अलाप रहा है। ये लोग जातीय गणना कभी नहीं करा सकते। नीतीश ने कहा कि देशरत्न की धरती से जंगल राज का सफाया करने की उपलब्धि है। रोजगार पर बोलते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि प्रदेश में लाखों युवक-युवतियों को नौकरी मिली है और 2025 से पहले 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

वहीं गोपालगंज में नीतीश कुमार ने कहा कि जब मैंने सत्ता संभाली थी तो बिहार में समस्याओं का अंबार था। आधारभूत संरचना से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा सभी को लेकर काम करना शुरू किया। जो काम एनडीए की सरकार ने बिहार में शुरू किया, उन योजनाओं और कार्यों को बाद में दूसरे प्रदेशों और देश में भी लागू किया गया।

### सिवान में मुख्यमंत्री नीतीश के कार्यक्रम में हंगामा

सिवान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में रविवार को हंगामा हो गया। लोगों ने नीतीश कुमार मुर्दाबाद के नारे लगाए। इलाके के लोग स्कूलों की जर्जर हालत से नाराज थे। उनका कहना है कि प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बावजूद स्कूलों की मरम्मत नहीं की गई। यह हंगामा उस समय हुआ जब सीएम नीतीश कुमार मंच से भाषण दे रहे थे। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान कुछ लोग मंच के पास आकर मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। आक्रोशित लोगों का कहना था कि उनका इलाके में स्कूलों हालत जर्जर हुई पड़ी है। पीने का पानी नहीं है। शौचालय की हालत खराब है। कई बार प्रशासन से शिकायत की गई। लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की।

### गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम चंपारण के बेतिया में की चुनावी सभा, बोले...

# चारों चरण में एनडीए को मिल रहीं 270 से ज्यादा सीटें, इंडी गठबंधन को 40 भी नहीं

- बोले- इंडी गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला है
- इंडी गठबंधन के लोग झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं, ये झूठ बोलकर विजय प्राप्त करना चाहते हैं

**केटी न्यूज/पटना**

गृह मंत्री अमित शाह चुनावी सभा को संबोधित करते पश्चिम चंपारण के बेतिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं चंपारण की धरती को प्रणाम करता हूं। अमित शाह ने कहा कि चार चरण के चुनाव खत्म हो चुके है, कल पांचवें चरण का चुनाव है। मेरी बात डायरी में लिख लीजिए, चारों चरण में मोदी जी कुल 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। लालू जी की पार्टी को चार सीटें भी नहीं मिल रही। और, राहुल बाबा को 40 सीटें भी नहीं मिल रही है। गृह मंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला है। इंडी गठबंधन के लोग झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। यह लोग कहते हैं कि मोदी जी 400 पार करेंगे तो आरक्षण हटा देंगे। इससे बड़ा झूठ और कुछ हो ही नहीं सकता है। आप बताइए मोदी जी 10 साल से आपकी सेवा कर रहे हैं? क्या अब तक आरक्षण को हाथ भी लगाया है? जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई भी हाथ नहीं लगा सकता है।

### बोले...पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, पीओके की बात मत करो। हम भाजपा कार्यकर्ता परमाणु बम से नहीं डरते, ये मोदी की गारंटी है।



### कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा विरोधी राजनीति की है

गृह मंत्री ने कहा कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू जी, किसका आरक्षण काट कर देंगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़ा समाज का आरक्षण काट कर देंगे, स्पष्ट करें। लालू प्रसाद वोट बैंक और बेटे को सीएम बनाने के लिए कांग्रेस की गोद में जाकर बैठक गए हैं। कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा विरोधी राजनीति की है। पीएम मोदी ने पिछड़ों को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया। गृह मंत्री ने पूछा कि कांग्रेस वाले अगर लोकसभा चुनाव जीत गए तो प्रधानमंत्री कौन होगा? ममता बनर्जी पीएम बनेंगी, अरविंद केजरीवाल को तो फिर से जेल जाना है। क्या राहुल गांधी पीएम बनेंगे? पाकिस्तान को गोली का जवाब गोली से कौन देगा। इनके पास कोई नेता नहीं है। अमित शाह ने कहा कि बेतिया का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान तक दे सकता है। मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया है। मैं लालू जी को पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस जब सत्ता में थी, उस दौरान कोई भी आकर बम धमाका करके चला जाता था और आप चुप बैठे थे। आप क्यों चुप बैठे रहते थे?

गृह मंत्री ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में पांच व चार प्रतिशत मुस्लिमों को कांग्रेस ने आरक्षण दिया। यह संविधान के खिलाफ है।

### अवैध घुसपैठिए टीएमसी को अपने लगते हैं: पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेदिनीपुर में एक रैली को संबोधित किया। इसमें उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया और टीएमसी पर राज्य की जनसांख्यिकी बिगाड़ने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की आंधी ने टीएमसी के आंतक के सभी किले ध्वस्त करना शुरू कर दिया है, इसलिए बंगाल में टीएमसी वाले ज्यादा बौखलाए हुए हैं। पीएम मोदी ने लोगों से भाजपा को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि 'अब बस 25 मई को एक और प्रहार की जरूरत है, बंगाल में फिर टीएमसी के आतंक, भ्रष्टाचार के किले को गिरते देर नहीं लगेगी। छठे चरण के तहत 25 मई को मेदिनीपुर में आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'टीएमसी के तुष्टिकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को डांवाडोल कर दिया है, समाज व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। टीएमसी देश के दूसरे राज्य वालों को बाहरी बताती है लेकिन अवैध घुसपैठिए इन्हें अपने लगते हैं। ये घुसपैठिए बंगाल में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ते हैं, कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए, दलितों, पिछड़ों की जमीन पर ये कब्जा कर रहे हैं।

## प्रयागराज की चुनावी सभा में भीड़ हुई बेकाबू बगौर भाषण दिए लौटे राहुल गांधी व अखिलेश

- फूलपुर में चुनावी सभा के दौरान पहुंचे दोनों नेताओं के करीब पहुंचने की कोशिश कर रही थी भीड़
- हंगामा के दौरान तोड़फोड़ व मारपीट की भी सूचना है

**एजेंसी/प्रयागराज**

यूपी के प्रयागराज जिले के फूलपुर में रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की संयुक्त चुनावी सभा में जमकर हंगामा हुआ। सभा में जुटी भीड़ दोनों नेताओं के करीब पहुंचने की कोशिश के दौरान बेकाबू हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आगे बढ़ी तो भीड़ बैरिकेड को तोड़ दी। हंगामा और अराजकता की वजह से दोनों नेताओं का बिना भाषण दिए वहां से लौटना पड़ा। हंगामे के दौरान तोड़फोड़ और मारपीट भी हुई। प्रयागराज जिले में दो संसदीय क्षेत्र फूलपुर और इलाहाबाद है। दोनों संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की संयुक्त चुनावी सभा थी। फूलपुर की पंड़िला की सभा में हंगामा होने की वजह से दोनों नेता वहां से लौट गए।



### राहुल गांधी बोले... करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रु डालेंगे

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के मुंगारी में आयोजित सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है, इंडिया गुट की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। इलाहाबाद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले के यमुनापार करछना के मुंगारी गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। सभी गरीबों की लिस्ट बनेगी। उन्होंने कहा, हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपये, महीने के 8500 रुपये हम डालेंगे। हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, आलू, गन्ना, कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी हम देने जा रहे हैं। हम उनका कर्ज माफ करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, यह लड़ाई इस संविधान की है। बीजेपी और आरएसएस इस पर आक्रमण कर रहे हैं।

वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। जिस तरह संविधान मंथन हुआ था, एक तरफ वो लोग हैं जो संविधान खत्म करना चाहते हैं एक तरफ हम लोग हैं जो संविधान बचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, अभी तक किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। दस साल की सरकार में एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। किसानों की आवाज दबाने के लिए क्या-क्या नहीं किया। कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा।

## पतंजलि के सोनपापड़ी का एक सैंपल भी जांच में फेल हो गया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भ्रामक विज्ञापन की वजह से पहले ही सुप्रीम कोर्ट से फटकार पड़ चुकी है, अब सोनपापड़ी का एक सैंपल भी जांच में फेल हो गया है। असल में 5 साल पहले पतंजलि की सोनपापड़ी का क्वालिटी टेस्ट किया गया था, लेकिन उस टेस्ट में वो फेल हो गई। इस मामले में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सहायक प्रबंधक और तीन अन्य लोगों को 6 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है, तीनों पर भारी जुमार्ना भी ठोक दिया गया है।

बता दें कि 17 सितंबर 2019 को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के एक दुकान से पतंजलि की इलाइची सोनपापड़ी का सैंपल लिया गया था, बाद में रुद्रपुर में एक लैब में उस सोनपापड़ी की टेस्टिंग की गई। अब जब उसकी रिपोर्ट सामने आई तो पता चला है पतंजलि की सोन पापड़ी तय मानकों पर नहीं उतरी है और उसके सारे सैंपल फेल हो गए। इस मामले में शनिवार यानी कि 18 मई को कोर्ट में सुनवाई हुई थी और तब खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 206 के तहत तीनों आरोपियों को 6 महीने की सजा सुना दी गई।

## पीएम मोदी ने आप को खत्म करने के लिए ऑपरेशन झाड़ू नाम का एक ऑपरेशन शुरू किया है: केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा मुख्यालय की तरफ विरोध मार्च निकालने से पहले यहां आप मुख्यालय पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस उन्हें जहां तक जाने देगी वे जायेंगे और फिर आधे घंटे के लिए वहीं बैठ जाएंगे, और यदि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता तो यह भगवा पार्टी की हार होगी। सीएम केजरीवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आप को मिटाने का मन बना लिया है।



उन्होंने ऑपरेशन झाड़ू नाम का एक ऑपरेशन शुरू किया है। मुझे इसके बारे में कैसे पता चला? कई लोग प्रधानमंत्री से मिलते हैं और उनमें से कुछ हमें भी जानते हैं। उनसे मुलाकात के बाद उन्होंने हमें यह बताया।

कहा कि मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहता हूं कि आप एक नेता को गिरफ्तार करेंगे, सौ और पैदा होंगे। आप एक केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, हजार और केजरीवाल खड़े होंगे। वर्ष 2015 से ही उन्होंने हम पर कई आरोप लगाये हैं। अब शराब घोटाला आया है, लेकिन पैसा कहां है। उन्होंने झूठे मामले बनाकर हमें गिरफ्तार किया है। आप नेता ने कहा कि मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह जेल में हैं। उनके पीए को भी जेल में डाल दिया गया। वे कह रहे हैं कि वे राघव चड्ढा को भी जेल में डाल देंगे, जो हाल ही में लंदन से लौटे हैं, आतिशी, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज को भी।

### शेष बचे तीन चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से किया जा रहा प्रयास

# कम वोटिंग वाले बूथों में बुलावा टोलियों को किया जाएगा सक्रिय

**केटी न्यूज/लखनऊ**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में बाकी बचे तीन चरणो में भी निर्भीक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, इसके लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आयोग का मुख्य फोकस प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है, जिसके लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। इसी क्रम में अब तीनों चरणों के लिए लोकसभा स्तर पर बुलावा टोलियों का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। बुलावा टोलियों में बीएलओ के साथ ही स्थानीय स्तर पर आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, युवक मंगल दल, पंचायत स्तरीय कार्मिक शामिल होंगे। जनपद में स्थापित कन्ट्रोल रूम तथा एमपीएस एप में कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों में बुलावा टोलियों को विशेष रूप से सक्रिय किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी अपनी हर जनसभा में अधिक से अधिक मतदान की अपील कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने भी हाल ही में वाराणसी में कार्यकताओं को बुलावा टोलियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया था।

**प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ:** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों व कार्यक्रमों में और गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। बुलावा टोलियां भी इसी पहल के तहत किया गया एक प्रयास है। इसके अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने के साथ वहां पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। बीएलओ की ड्यूटी कहीं और नहीं लगाई जाएगी, जबकि बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर रहेंगे, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति, रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। जिन मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची किन्हीं कारणों से प्राप्त नहीं हो सकीं हैं, वह मतदेय स्थल पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं।

**कार्मिक मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करें कि मतदान के दिन यदि किन्ही कारणों से मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे लौटाया न जाए और मतदान से रोका न जाए।



### एनडीए गठबंधन का दावा विफल, इंडिया गठबंधन की केंद्र में बनाने जा रही सरकार

# आजाद भारत ही नहीं विश्व के सबसे झूठा प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी: तेजस्वी

- नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आकाश कुमार सिंह के लिए मांगा वोट
- इसुआपुर में इंडिया गठबंधन के द्वारा रैली का हुआ आयोजन



**केटी न्यूज/छपरा**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने इसुआपुर में चुनावी रैली कर महाराजगंज से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा राहुल गांधी और लालू जी ने आकाश को अपना उम्मीदवार बनाया हैं। आकाश कुमार सिंह के जीत के साथ महागठबंधन की मजबूत सरकार केंद्र में बनेगी। तेजस्वी यादव ने कहा की नरेंद्र मोदी विश्व का सबसे झूठा प्रधानमंत्री हैं। नफरत की राजनीति के सहारे भाजपा के लोग ध्रुवीकरण की राजनीति कर रहे हैं। 17 साल से बिहार और 10 साल से केंद्र में एनडीए की सरकार हैं तरैया सहित महाराजगंज को एनडीए ने विकास के लिए कोई परियोजना नहीं दी। ये लोग बनावटी, मिलावटी और दिखावटी हैं। ये लोग सिर्फ मार्केटिंग करते हैं। प्रधानमंत्री काम की नहीं बेकार की बात करते हैं। इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनाने जा रही हैं। 17 महीने के कार्यकाल में हमलोगों ने पांच लाख लोगों को रोजगार दिया। केंद्र में इंडिया अलायंस की सरकार बनने पर गरीब लोगों को दस किलों अनाज और बहनों को 8333 प्रतिमाह दी जाएगी। शिक्षा और 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। वीआईपी के संरक्षक मुकेश सहनी ने यह चुनाव बहुत खास हैं। हमारा संविधान खतरे में हैं। देश के संविधान को बचाना होगा। बाबा साहब के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे है। मोदी से अच्छे दिन और रोजगार पर सवाल करते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि.देश के प्रधानमंत्री जानता जैसे मालिक से झूठ बोलते हैं। यह सरकार जुमले वाली सरकार हैं। इस बार जुमले वाली सरकार को एक नंबर पर बटन दबाकर महाराजगंज से आकाश कुमार सिंह जीतकार बदल दीजिए। इसुआपुर की रैली को संबोधित करते हुए महागठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार आकाश सिंह ने कहा कि देश में मोदी की सरकार में महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। उन्होंने सभा में आए हुए लोगों से अपील किया की राहुल और तेजस्वी यादव का जो गारंटी है। वो महिलाओं, युवाओ और किसानों के साथ-साथ हर लोगो के लिए है। वही बीजेपी सांसद के 10 वर्षों के कार्यकाल में हुए काम पर सवाल खड़ा करते हुए लोगों से कांग्रेस को वोट करने के लिए अपील किया। तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस समय लगातार बिहार का दौरा कर रहे है। परंतु पिछले साल में बिहार की जनता का हाल जानने के लिए कितनी बार आये है। यहां के लोगों को कौन सी बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किये। किसी भी बड़ी परियोजना की शुरुआत करने विफल रहे है। इसुआपुर में इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित रैली को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव विकासशील इंसान पार्टी के संरक्षक मुकेश साहनी, महाराजगंज कांग्रेस से प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह, सी एल पी लीडर शकील अहमद खान, हिसुआ विधायक नीतू सिंह,पूर्व प्रत्याशी सिपाही लाल महतो, पूर्व विधायकमुंन्द्रिका प्रसाद यादव, इंशुआपुर प्रमुख जितेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व प्रत्याशी तरैया मिथिलेश राय, पूर्व पार्षद गीता सागर, जिला अध्यक्ष राजद राजेश राय, अजय राय प्रधान महासचिव, चंदेश्वर राय पूर्व जिला पार्षद, उदय प्रताप सिंह, डॉ वकील राय राजकुमार राय, हरेंद्र सहनी, गप्पू राय, हीरालाल यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

## कारोबारी के घर से वोटिंग से पहले 94 लाख रुपए कैश बरामद, नोट गिनने की मंगाई गयी मशीन



**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव के माहौल में धनबल का उपयोग चोरी -छुपे ही सही, लेकिन पैसों के बल पर खेल बनाने और बिगाड़ने की खबरें लगातार आ रही हैं। ऐसे में चुनाव में धनबल का इस्तेमाल न हो, इसे लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क है। चुनाव आयोग के निर्देश पर फ्लाइंग स्क्वाड की टीम पूरी तरह एक्शन में है। ऐसे में अब मोतिहारी में चुनाव से पहले 94 लाख से अधिक की नकदी बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि व्यवसायी के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी है। जो चुनाव के दौरान अवैध रूप से प्रयोग किया जाएगा। इस बात की सूचना मिलते ही एसपी ने तत्काल टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया। वह इस छापेमारी की लगातार निगरानी कर रहे थे। मोतिहारी पुलिस ने रक्सौल में हुंडी व मीठा कारोबारी ध्रूव साह के घर से 94 लाख से अधिक कैश बरामद किये हैं। इसके बाद अब पुलिस यह मालूम करने में लगी हुई है कि आखिर यह कैश किस काम के लिए रखे गए थे। कहीं इसके पीछे चुनावी उपयोग का कोई प्लान तो नहीं था। बताया जा रहा है कि, पुलिस को यह सूचना मिली थी की रक्सौल के सीमावर्ती शहर के नागा रोड में हुंडी व मीठा कारोबारी ध्रुव साह के घर नगद 94 लाख से रुपए रखे। जिसमें 60 लाख नेपाली करेंसी व 30 लाख भारतीय मुद्रा शामिल है। यह नगद राशि उपयोग चुनावी माहौल में हो सकता है या नहीं भी। उसके बाद पुलिस की विशेष टीम ध्रुव साह के घर पहुंच कर रुपए जब्त कर लिए हैं। अब पुलिस कारोबारी और उनके सहयोगी से पूछताछ कर रही है। उधर, एएसपी सदर के नेतृत्व में नागा रोड के कारोबारी ध्रुव साह के घर से बरामद हुए नकद राशि हवाला का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने इस मामले की सूचना आयकर विभाग की टीम को दे दी है। कारोबारी के घर से नोट गिनने की मशीन को भी जब्त किया गया है। पुलिस इस मामले में आगे एक्शन में लगी हुई है। वहीं इस छापेमारी से हड़कंप मच गया है।

## दिनदहाड़े बीच सड़क पर युवक की गोली मार हत्या, कारतूस बरामद

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अपराधियों का तांडव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में अब एक ताजा मामला राजधानी पटना से निकल कर सामने आ रहा है, जहां बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े बीच सड़क पर एक युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना कदमकुआं थाना क्षेत्र के लंगर टोली मोड़ इलाके की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एक मैगजीन और खोखा बरामद हुआ है। आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस, घटना के बाद मामले की जांच में लगी हुई है।

## नौकरी के नाम पर लड़की के साथ हैवानियत बदमाशों ने मां के सामने बेटी से किया रेप

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में दुष्कर्म का सनसीखेज मामला सामने आया है। नौकरी दिलाने के नाम पर बदमाशों ने पहले झांसा देकर मां-बेटी को बुलाया और बाद में मां के सामने ही स्कॉर्पियों में बेटी से दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी दोनों मां-बेटी को बेहोशी की हालत में फेंककर फरार हो गए। घटना नौबतपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा बांध के पास की है। जानकारी के मुताबिक, नौबतपुर की रहने वाली मां-बेटी को नौकरी दिलाने के नाम पर बदमाशों ने झांसा देकर पटना से डुमरी आने को कहा। जिसके बाद दोनों मां-बेटी डुमरी पहुंची। वहां मौजूद बदमाश दोनों मां-बेटी को सुनसान जगह पर ले गए। बदमाशों ने उसके सामने ही स्कॉर्पियों के भीतर उसकी बेटी के साथ रेप किया। दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशो ने दोनों मां बेटी को बुरी तरह से पीटा और बेहोशी की हालत में दोनों को शेखपुरा बांध के पास फेंककर फरार हो गए।






## बिना इजाजत फोटो यूज करने पर शिवदीप लांडे ने चार के खिलाफ दर्ज कराया केस


**केटी न्यूज/पटना**



तिरहुत रेंज के आईजी शिवदीप लांडे की बिना इजाजत अखबार के विज्ञापन में वर्दी लगी हुई तस्वीर का इस्तेमाल करने के मामले में मुजफ्फरपुर के नगर थाना में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। टाउन एसएचओ विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आईजी ने सोशल मीडिया पर खुद जानकारी दी है और कहा इस प्रकार की कोई भी अनुचित कार्य को करना ठीक नहीं है। बिना किसी भी सहमति के तस्वीर का इस्तेमाल करना अनुचित है और इसको संस्थान के द्वारा अपने निजी लाभ के लिए प्रयोग किया गया था, जिसको लेकर एफआईआर दर्ज किया जाए। एसएचओ ने बताया कि आईजी रेंज तिरहुत क्षेत्र के शिवदीप लांडे के एक तस्वीर का इस्तेमाल अपने निजी व्यवसाय और विज्ञापन के लिए किया गया है, जो कि फ्रॉड करने और नाम का गलत इस्तेमाल करने की श्रेणी में आता है। इसको लेकर शनिवार की शाम नगर थाना में आईपीसी की धारा 419,420,468, 479,500,502, 120 और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। टैलेंट हंट शो से जुड़े सभी 4 के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि एक टैलेंट हंट शो के एक आयोजन को लेकर एक चर्चित अखबार में शिवदीप लांडे की तस्वीर बतौर विज्ञापन के लिए छापी गई। इसके बाद आईजी शिवदीप लांडे ने संज्ञान लेते हुए इस मामले को गंभीर बताया और उक्त विज्ञापन जारी करने वाली संस्था सहित 4 के खिलाफ कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज कराया है।

### पूर्व विधायक के भाई के हत्या की रची गई थी बेउर जेल से साजिश

**पटना।** वैशाली के लालगंज में बीते 27 जनवरी को लोजपा के पूर्व विधायक राजकुमार साह के भाई मुकेश साह की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड की जांच कर रही वैशाली पुलिस की टीम ने मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शूटर समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बेउर जेल में बंद अपराधी रौशन कुमार तांती ने दो लाख की सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलवाया था। दरअसल, लालगंज थाना क्षेत्र में पूर्व विधायक राजकुमार साह के भाई को दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने गोलियों से भून दिया था। इस हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे अपराधियों को पुलिस ने अपराध की योजना बनाते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गोलू कुमार, ललन कुमार और नीरज कुमार शामिल हैं।








# 43 डिग्री पर पहुंचा पारा... तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान, जनजीवन अस्त-व्यस्त

♦ शहरवासियों का घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल, कई पोखरे व तालाब सूखने के कगार पर पहुंचे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में रविवार को तेज धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया। कुछ दिनों पहले चक्रवात बनने के कारण तापमान में कमी थी, लेकिन अब मौसम बदल गया है। सुबह से तेज धूप निकली, हल्की गर्म हवा चलने के कारण अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम 29 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बादल छाने से तापमान में पिछले दिनों कमी आई थी। अब मौसम साफ होने से तापमान बढ़ा है। आगे तापमान और बढ़ने का अनुमान है। इधर, सुबह होते ही तेज धूप की किरणें धरती पर पड़ी, जो आमलोगों को चुभने लगी। इतना ही नहीं लोग इस दौरान काफी परेशान भी दिखे। डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के कई पोखरे व तालाब सूखने के कगार पर पहुंच गये। स्थानीय काली मंदिर रोड स्थित रामसूरत राय के पोखरा पूरी तरह सूख चुका है। यहां चरने वाले पशुओं के अलावे पक्षियों के सामने



पानी का संकट गहराने लगा है। वहीं जरूरी काम से घर से निकलने वाले लोग धूप से बचाव के तमाम उपाय कर निकले। महिलाएं चेहरे पर दुपट्टा व कपड़ा लपेटने के बाद फूल दस्ताने व आंखों पर चश्मा लगाने के बाद घर से निकलने की हिम्मत जुटा पायी। पुरुष भी गमछा, टोपी, चश्मा के सहारे धूप से बचाव करते नजर आये। शाम 5 बजे के बाद ही बाजारों में रौनक नजर आयी। भीषण गर्मी व गर्म हवाओं का असर मवेशियों व पशु-पक्षियों पर भी दिख रहा है। पालतू पशु तेज बुखार व लू के चपेट में आ रहे है। दुधारू पशुओं के दूध में लगातार गिरावट हो रही है।

**तेज धूप से लोगों का बाहर निकलना मुश्किलः** तेज धूप निकलने के कारण गर्मी का असर दिखा। तेज धूप निकलने के कारण दिन के 10 बजे ही घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। इस बीच अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऐसे में गर्मी से लोगों में बेचैनी भी बढ़ने लगी है। मौसम के मिजाज का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही हवा चलने से लू का भी प्रकोप भी दिखा। मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की है। लगातार बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए लोग मुंह को बांध कर अथवा मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकल रहे हैं।

**गर्मी में सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे डॉक्टरः** बढ़ती गर्मी के बीच अस्पतालों में डायरिया और पेट में दर्द जैसी शिकायतों को लेकर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से चिकित्सक भी लोगों को इस मौसम में सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज स्थानीय निजी व सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे है। डॉक्टर शैलेश कुमार ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए लोगों को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए। तला भूना चीज खाने से परहेज करने तथा सूती कपड़ा पहनना चाहिए।

## इवीएम मशीनों की कमिशनिंग का कार्य, पोलिंग पार्टियों की रवानगी व स्ट्रांग रूम का निर्माण हुआ

# एसडीओ और डीएसपी ने डुमरांव के डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक जून को सातवें व अंतिम चरण के लिए बक्सर संसदीय क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर डुमरांव अनुमंडल प्रशासन तैयारी में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। बक्सर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डुमरांव विधानसभा के लिए राज हाईस्कूल में बनाये गये डिस्पैच सेन्टर का रविवार को एसडीओ राकेश कुमार, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इवीएम कमीशनिंग कार्य के लिए तैयारी को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी। इस बाबत एसडीओ ने बताया कि अनुमंडल प्रशासन लोकसभा



चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज हाइस्कूल में बनाये गये डिस्पैच सेन्टर पर इवीएम मशीनों की कमिशनिंग का कार्य, पोलिंग पार्टियों की रवानगी व स्ट्रांग रूम का निर्माण किया गया है। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि इवीएम की कमिशनिंग से लेकर स्ट्रांग रूम तथा पोलिंग पार्टियों की रवानगी समेत सभी कार्यों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराया जायेगा। वहीं डीएसपी ने कहा कि डिस्पैच सेंटर पर निर्धारित संख्या में जवानों की तैनाती कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक डिस्पैच सेंटर पर दो-दो हवलदार तथा आठ-आठ जवानों की ड्यूटि लगायी गयी है। ये जवान इवीएम व वीवीपैट मशीन की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे। इसके अलावे जवानों के ठहराव, नाश्ता, पानी व भोजन के साथ ही वाहनों के लगाने की जगह तथा साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया गया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। यह विशेष सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

## नया भोजपुर में चला मतदाता जागरूकता अभियान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविवार को उर्दू मध्य विद्यालय नयाभोजपुर के विद्यार्थियों ने स्कूल के पोषक क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इसका असर मतदान करने के लिए जाने वाले परिवार और ग्रामीणों के बीच आकर्षण पैदा करने के लिए काम किया। इस दौरान विद्यार्थी एससी, एसटी और मुस्लिम बहुल इलाके में गए। स्कूल के पोषक क्षेत्र में गए विद्यार्थी ग्रामीणों को बता रहे थे कि आपका एक-एक वोट कीमती है। आपके वोट से ही सरकार बनती है, बच्चों ने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान, वोट आपकी आवाज, मतदान आपका कर्तव्य और अधिकार, वोट करें वफादारी से, चयन करें समझदारी से, वोट हमार है अनमोल कभी ना ले इसका मोल, बक्सर ने ठाना है 1 जून 2024 को शत प्रतिशित मतदान करना है। इस नारे से मतदताओं में काफी जागरूकता पैदा कर रहा था। विद्यार्थियों में तबस्सुम, शबनम, शालू, नफीसा, रिंकी, खुशबू, कश्मीरा, अकरम, मंजूर, नईम, नसीम, मकसूद, रिया, अफसाना, नगमा, नजमा सहित अन्य छात्र-छाओं ने भाग लेते हुए मतदाता जागरूकता अभियान में जान डाल दिया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों में प्रभारी अब्दुल असांरी, मो. युसूफ कुरैशी, मो, अशलम, शम्स फिरोज, नईमुल्ला, सुफियान, नाजनीन खातून, कार्मेल पीटर, लक्ष्मी कुमारी आदि विद्यार्थियों आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी।

## छतनवार गांव में महिलाओं के बीच बीडीओ ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान अधिकारी ज्यादा फोकस महिलाओं पर कर रहे हैं। मतदान करने ज्यादा पीछे महिलाएं ही रह जाती हैं। इसी कड़ी में प्रखंड के छतनवार गांव में बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए संध्या चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में काफी संख्या में पुरूष व महिला मतदाता आए हुए थे। बीडीओ ने सभी से मतदान करने की शपथ दिलाई, फिर सभी को बताया गया की उन्हें मतदान करना क्यो आवश्यक है। संध्या चौपाल में आयी महिलाओं को बताया



गया की 1 जून 2024 को मतदान करने का दिन है। आपकों अपने परिवार के साथ वोट डालने के लिए जाना है, जिनका वोटर लिस्ट में नाम दर्ज है, उन्हें भी साथ ले जाने के लिए कहा गया। उन्हें समझाया गया की आपके वोट देने से देश की सरकार बनती है। आप किसी के दबाव में नहीं आकर अपने मनपसंद उम्मीदवार को वोट दिजिए। पुरूषो से कहा गया कि मतदान प्रतिशत पहले काफी कम रहा है, इस मिथ्या को तोड़ हमे आगे बढ़ना है। महिलाओं से कहा गया की आपका अधिकार पुरूषों के बराबर ही है, ऐसे में अपना बहुमूल्य वोट देकर एक अच्छी सरकार बना सकती हैं। इस मौके पर पंचायत सचिव नथुनी प्रसाद, विकास मित्र रूबी कुमारी, जीविका एरिया कोऑडीनेटर दयानंद, जीविका दीदी भागमनी सहित काफी संख्या में मतदाता मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री ददन को पप्पू यादव ने दिया झटका, बसपा प्रत्याशी अनील कुमार को दिया समर्थन

**केटी न्यूज/पटना/बक्सर**

पूर्व मंत्री ददन यादव उर्फ ददन पहलवान को मतदान से पूर्व जोरदार झटका लगा है। पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद पप्पू यादव ने रविवार को दोपहर पटना में प्रेस कांफ्रेस कर बक्सर में बसपा प्रत्याशी अनील कुमार को समर्थन देने का ऐलान किया है। जिसके बाद से ददन समर्थकों जहां मायूसी है वहीं बसपा उम्मीद्वार अनील कुमार के खेमें में खुशी है। ददन पहलवान के द्वारा महज 11 घंटे पहले अपने सोशल मिडिया फेसबुक से चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ओवैसी, पप्पू यादव व हीना साहब की तस्वीर लगाकर उनके समर्थन का ऐलान किया था। उसके 11 घंटे बाद ही पप्पू यादव ने बसपा पत्याशी को चुनाव में समर्थन देने की घोषणा कर दी। पटना में आयोजित प्रेसवर्ता में पप्पू यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके साथी और कार्यकर्ता बक्सर में बसपा उम्मीदवार अनिल चौधरी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि जो प्रत्याशी एनडीए को हराने के काबिल होगा हम और हमारे साथी उनके लिए प्रचार करेंगे और वोट मांगेंगे। पप्पू यादव ने कहा कि हमारा मकसद इंडिया एलाइंस को मजबूत करना है और केंद्र की सत्ता में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि अनिल चौधरी एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता हैं और वह समझ में रहकर लोगों के लिए काम करते हैं। इसलिए हमारी पार्टी में लिया है कि बक्सर में हम उनका समर्थन करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्णियां में पप्पू यादव के प्रचार में ददन पहलवान गए थे।

### पंचायत चुनाव में लगे वाहनों का नहीं हुआ भुगतान

**केसठ।** वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगाए गए वाहनों का अब तक भुगतान नहीं होने से वाहन मालिकों में नाराजगी व्याप्त है। ज्ञात हो कि पिछले पंचायत चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्यो में लगे वाहन का तीन वर्ष से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी भुगतान नहीं होना संबंधित अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। वही पिछले बार का भुगतान अभितक नहीं हुआ। वर्तमान में लोकसभा चुनाव का कार्य जोरों पर है। प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुटी हुई है। विभाग द्वारा चुनाव में कार्य के लिए वाहनों का अधिग्रहण करने की तैयारी चल रही है। वही वाहन मालिकों ने पिछले बार का बकाया को ले इस बार चुनाव में अपना गाड़ी नही देने का फैसला लिया है।

## मोदी सरकार ने दंड संहिता को समाप्त कर न्याय संहिता लागू किया : विन्ध्याचल राय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

केन्द्र की मोदी सरकार ने भारतीय दंड संहिता को समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता लागू किया है। इसमें जहां कठोर अपराधों की सजा कड़ी कर दी गई है तो दूसरी तरफ छोटे अपराध करने वालों के साथ नरमी बरत उन्हें सुधरने का मौका दिया गया है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश का चौतरफा विकास हुआ है। विपक्ष मिथ्याराग अलाप रहा है। उल्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी



मजबूत इच्छा शक्ति के धनी है। उन्होंने बिना एक बूंद खून बहाए आयोध्या में राम मंदिर बनाने के साथ ही काश्मीर से धारा 370 हटाने का काम किया है। राय ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही राष्ट्रवाद के बल पर विकसित भारत व मजबूत भारत बनाने का काम कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरू की राह पर चल पड़ा है। उन्होंने बक्सर संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को भारी बहुमत से चुनाव जीताने की अपील की। मौके पर भाजपा के डुमरांव विधानसभा प्रभारी अनिल पांडेय, नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, महामंत्री रोहित सिंह, ग्रामीण मंडल के महामंत्री निरज कुमार सिंह, युवा मोर्चा के प्रांतीय नेता दीपक यादव, शक्ति राय, राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद थे। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी सुधाकर सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्र दोनों को भगोड़ा बताया।

## जिले के सदर अस्पताल के साथ डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में भी शुरू हुआ सिजेरियन प्रसव


# सिजेरियन प्रसव के लिए करें सरकारी अस्पताल का रुख, मिल रही है आधुनिक सुविधा

♦ पिछले वर्ष सदर अस्पताल में कराए गए 253 सी-सेक्शन प्रसव

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति सिजेरियन सेक्शन प्रसव के मामलों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने में तत्पर है। जिसको लेकर जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में जटिल प्रसव के मामलों से निपटने के लिए लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर में जहां अधुनिक उपकरण लगाए गए है, वहीं दक्ष चिकित्सकों की टीम और ट्रेंड नर्सों की मौजूदी में सिजेरियन सेक्शन के प्रसव कराए जाते हैं। इसके लिए सदर अस्पताल प्रसव संबंधित सुविधाओं व सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। ताकि, प्रसव संबंधित मामलों के लिए जिले की गर्भवती महिलाओं को बाहर न जाने पड़े। सेवाओं और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के कारण अब लोगों का झुकाव निजी संस्थानों की अपेक्षा सरकारी अस्पतालों की ओर बढ़ गया है।

**संबंधित सुविधाएं और सेवा निरूशुल्क उपलब्धः** सदर अस्पताल के प्रबंधक दुष्यंत कुमार सिंह ने बताया, अब सदर अस्पताल में प्रसव को लेकर बहुत ही बेहतर सुविधा उपलब्ध है। लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर के अलावा प्रसव पूर्व वार्ड और मैटरनल वार्ड को भी



व्यवस्थित किया गया है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पातल के ओटी में चिकित्सक, ऐनेस्थेटिक और पेडिअट्रिशन स्पेशियलिस्ट के साथ दक्ष नर्सों की ओटी टीम मौजूद है। वहीं, आधुनिक उपकरणों की बात करें तो ओटी में प्रसव के मामलों को सुगमता से कराने के लिए हाइड्रोलिक बेट, सर्जिकल लाइट, सक्शन मशीन, रेडियेंट वार्मर आदि सभी जरूरी उपकरण उपब्ध हैं। इसके अलावा ऑपरेशन के दौरान इस्तेमाल में लाई जाने वाली सभी दवाओं के अलावा रक्त की भी उपलब्धता है। सी-सेक्शन प्रसव के मामले में यदि किसी मरीज को रक्त की कमी होती है तो उन्हें बिना किसी डोनर के ही रक्त मुहैया कराया जाता है।

**निजी संस्थानों पर बरती जाएगी सख्ती, लिया जाएगा आंकड़ाः** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 2023-24 में सदर अस्पातल में 19637 प्रसव कराए गए। जिनमें सी-सेक्शन के 253 प्रसव कराए गए। जो लक्ष्य के काफी पीछे है। हालांकि, कई बार गर्भवती महिलाओं के परिजन उन्हें निजी स्वास्थ्य संस्थानों में सी-सेक्शन का प्रसव कराते हैं। जिसके कारण उनकी जेब पर अतिरिक्त खर्च का दबाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझना होगा कि सदर अस्पताल में उनके लिए निरूशुल्क सेवाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिले के निजी संस्थानों से प्रसव के आंकड़ों के साथ सी-सेक्शन के प्रसव के आंकड़े भी मांगे जाएंगे। ताकि, संस्थागत प्रसव के मामलों की सटीक रिपोर्ट तैयार की जा सके।

**डुमरांव अनुमंडल अस्पताल के ओटी को जल्द ही लक्ष्य के लिए किया जाएगा तैयार :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि सदर अस्पताल के साथ साथ डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भी सिजेरियन सेक्शन के प्रसव कराए जाने लगे हैं। जो लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब डुमरांव अनुमंडल के जटिल प्रसव के मामलों को वहीं पर निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब अनुमंडल अस्पताल के ओटी और लेबर रूम को लक्ष्य के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए अनुमंडल अस्पताल के ओटी और लेबर रूम में आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। ताकि, डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल को भी लक्ष्य सर्टिफाइड बनाया जा सके। इसके लिए सभी बिन्दूओं को ध्यान में रखकर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### फंदे से लटका मिला युवक का शव, पहचान नहीं

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में एक युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार देर शाम की है। करीब चालीस वर्षीय युवक का शव पुराना भोजपुर गांव से पश्चिम एनएच 922 के किनारे स्थित बागीचे में पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पहचान का प्रयास किया। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। बताया जाता है कि उसकी उम्र करीब 40 वर्ष के आस पास लग रही है तथा वह सफेद चेक का शॅर्ट व फूल पैंट पहना है। बताया जाता है कि शाम में शौच के लिए गए ग्रामीणों की नजर जब उस पर पड़ी तो ग्रामीणों ने ही पुलिस को सूचना दी। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव की पहचान के लिए साइबर सेनानी ग्रुपों, आस पास के थानों तथा विभिन्न सोसल साइटो पर इसकी तस्वीर अपलोड की गई है। उन्होंने लोगों से शव के शिनाख्त में सहयोग की अपील की है।



### चलती ट्रक का टायर फटा, खड़ी ट्रक मारी टक्कर

**कृष्णाब्रह्म।** एनएच 922 पर एक चलती ट्रक का अचानक टायर फट गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित हो आगे खड़ी ट्रक में टकरा गई। इस टक्कर में उक्त ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा चालक को आंशिक चोटें आई है। घटना रविवार की सुबह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकियां गांव के पास की है। इस घटना में चलती ट्रक का इंजन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रविवार सुबह एक 18 चक्का ट्रक पटना बक्सर एन एच 922 से होकर गुजर रहा था कि अचानक चौकियां गांव के पास उसका एक टायर फट गया। जिससे ट्रक चालक अनियंत्रित हो गया। उसके बाद ट्रक ने सड़क पर खड़ी एक ट्रक में टक्कर मारी दी। जिससे टायर फटने वाली ट्रक का इंजन का परखच्चे उड़ गया हालांकी इस घटना में ट्रक बाल बाल बच गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक भोजपुर जिला के सहार से यूपी के बलियां जा रही थी। ट्रक चालक गोपाल गिरी जो गड़वार थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव के यूपी का रहने वाला बतया जाता है। ट्रक चालक ने कहा कि जैसे हीं टायर फटा तो मैं सीट को फोल्ड कर पीछे के तरफ आ गया जिससे मेरी जान बच गई। वही, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### शराब के नशे में पकड़ा गया सिवान का युवक

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने एनएच 922 के धरहरा गांव के समीप एनएच 922 पर शनिवार की रात्रि गश्त के दौरान शराब के नशे में सिवान जिला के पड़हरिया थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी जैश सिंह को गिरफ्तार किया है। वह शराब के नशे में एनएच पर झूम रहा था, इसी दौरान पुलिस की नजर उस पर पड़ी तथा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करवाया, जहां शराब पीने की पुष्टि के बाद उसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार को कोर्ट भेजा गया है।

### फरार तीन वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों से फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इन वारंटियों के खिलाफ कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा ने बताया कि पकड़े गये वारंटियों में पकड़ी मोहल्ला के रहने वाले अशोक बारी, दक्षिण टोला निवासी सोमित राय और सुनील राय शामिल है। इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था, जिसके आलोक में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शराब के नशे में एक शराबी धराया

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करते एक शराबी को पकड़ा है। पुलिस ने उसका मेडिकल जांच कराया। जहां डॉक्टरों ने शराब पीने की पुष्टि की। पकड़ा गया आरोपी चतुरशालगंज का रहने वाला रमेश यादव बताया जाता है। अपर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान सूचना मिली कि आरोपी नशे की हालत में हंगामा करते हुए राहगीरों के साथ गाली-गलौज कर रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराबी को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### जर्जर टेढ़की पुल का जीर्णोद्धार शुरू

**डुमरांव।** अंग्रेजों के समय की बनी तथा डेंजर जोन के लिए मशहूर टेढ़की पुल का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो गया है। नया पुल का निर्माण शुरू होने से लोगों में खुशी व्याप्त है। नया पुल के निर्माण होने से वाहन चालकों सहित आमजनों में काफी खुशी है। अंग्रेज के जमाने का बना यह पुल कई दुर्घनाओं और मौत का गवाह है। एनएच 120 पर मां डुमरेजिनी मोड़ से आगे यह पुल पड़ता है। तेजी से इस पुल को पार करने वाले वाहन या तो पलट जाते हैं, या विपरित दिशा से आ रहे वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इस टेढ़की पुल का डेंजर जोन बनने का मुख्य कारण यह है कि तेजी से जाने वाले वाहन को यह पता नहीं चलता है आगे पुल है। क्योंकि वहां पर कार्नर होने के चलते विपरित दिशा से आने वाले वाहनों का पता ही नहीं चलता। अधिकांश वही वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं, जो क्षेत्र के बाहर के होते हैं। एनएच होने के कारण इस रोड पर कई राज्य के अलावे बिहार राज्य के कई जिले के वाहनों का आना-जाना रहता है। ऐसे में पुल से गुजरने के दौरान उन्हें नहीं मालूम होता है कि विपरित दिशा से कोई दूसरा वाहन आ रहा है, ऐसे में वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पुराना भोजपुर से बिक्रमगंज सड़क का चौड़ीकरण 111 करोड़ में हो रहा है। इसी दौरान पहले इस पुल को बनाने का काम शुरू किया गया है।

## आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक दृष्किोण से महत्वपूर्ण है यह चुनाव : मिथिलेश तिवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

2024 का लोकसभा चुनाव देश के आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण बन गया है। इस बार यदि केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तो कई बदलाव देखने को मिलेंगे तथा भारत दुनिया का आर्थिक ताकत बनकर उभरेगा। सामाजिक क्षेत्रों में भी कई बदलाव नजर आएंगे। उक्त बातें बक्सर संसदीय सीट से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने रामगढ़ विधानसभा के रामगढ़ मंडल के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क सह आशीर्वाद यात्रा के बाद कही। वे रामगढ़ विस क्षेत्र के सिसोदा, किशनपुरा, बहपुरा, बंगाढ़ी, कलानी, बड़का सिंझुआ, उपाध्याय सागर, बेदामन चौक, उपरी ,महुआरी, बलुआं, सियरुआ, कर्णपुरा, चितहां, डरवन, सादुलपुर, तेनुआं, अलीपुरा, ओडियाडिह, बन्दीपुर, खोरहरा, छेवरी, नोनार, पालडेरा, आटडीह, बडौरा, जोरार तथा लसड़ा आदि गांवों में प्रत्याशी आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाये। वही, चौपाल के माध्यम से लोगों से सम्पर्क कर आशीर्वाद लेने का काम किया। श्री तिवारी ने कहा कि इस बार एनडीए सरकार पीओके को फिर से भारत में मिलाने का काम करेगी। जबकि, देश को तोड़ने की साजिश रचने वालों को सबक सिखाया जाएगा। एनडीए प्रत्याशी ने लोगों से विकास की गारंटी पर वोट मांगा तथा कहा कि मोदी जी ने उन्हें बक्सर संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास करने के लिए ही उन्हें यहां भेजा है।

# अल्पसंख्यक समाज के हक हुकूक की राजद को कोई चिंता नहीं, बस वोट से मतलब:उपेन्द्र कुशवाहा

- अल्पसंख्यक समाज करेगा उपेन्द्र कुशवाहा को समर्थन
- विपक्षी दलों का जितना साथ दिया बदले में समाज को पिछड़ेपन के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ

**केटी न्यूज/डेहरी**

डेहरी (रोहतास)दाउदनगर क्षेत्र स्थित होटल सरस्वती पैलेस के सभागार में आज अल्पसंख्यक समाज के संगठन ने रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। उपेंद्र कुशवाहा को फूलों की विशाल माला पहनाकर अल्पसंख्यक समाज ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि राजद और इंडीया गठबंधन के तमाम दलों को अल्पसंख्यक समाज के हक हुकूक की कोई चिंता नहीं बस उनके वोट से मतलब है। इस समाज ने इन दलों का जितना साथ दिया बदले में समाज को पिछड़ेपन के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ। काराकाट में यदि आपका सहयोग मिला तो



अल्पसंख्यक समाज के विकास के प्रति विशेष तवज्जों दिया जाएगा। आपकी भागीदारी से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में प्रमुख थे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फजल इमाम मलिक, लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संयोजक अंसारी महापंचायत वसीम नैयर अंसारी,प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा, एकराम अंसारी, जुल्फकार खान, एसएम जाफरी। इसके अलावा सभा में अनवार अहमद, औरंगाबाद महिला जिलाध्यक्ष मुसर्रत परवीन, शमीम अंसारी, शादाब हुसैन, एनामुल हक, मुकुल शर्मा, नफीस अंसारी, न्यूटन अंसारी, शाहनवाज अंसारी, तौफीक अंसारी, बेलाल अहमद, खुर्रम अंसारी, संजीत यादव, रवि रंजन यादव, आशिक अंसारी इत्यादि भी मौजूद थे। सभा मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अल्पसंख्यक समाज के बीच उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन के लिए संगठन की ओर से आगामी दिनों में जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।

## बिक्रमगंज में राजग के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**बिक्रमगंज।** काराकाट लोक सभा अंतर्गत काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर राज एवं जदयू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, प्रभारी विजय सिंह, बिरेंद्र कुशवाहा, बादशाह पासवान एवं काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र शाह ने संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने एनडीए गठबंधन के अंतर्गत काराकाट लोक सभा से राजग प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को सर्वाधिक मतों से विजयी बनाकर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। श्याम बिहारी सिंह ने इस बार फिर मोदी सरकार का उदघोष कराया। काराकाट में मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह एवं संचालन जदयू अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। उद्धघाटन समारोह में संजय मेहता, जोगेंद्र चौहान, संतोष गौड़, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, संजय वर्मा, रवि पासवान, बिरेंद्र तिवारी, विजय चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी देवी, संजय सिंह, धनंजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### 30 लीटर देसी शराब बरामद कारोबारी फरार

**संझौली(रोहतास)।** संझौली पुलिस ने देसी शराब किया बरामद कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार । संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के संझौली बाल पर छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब बरामद कर लिया । थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भाग निकला । श्री कुमार ने बताया कि फरार कारोबारी को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### तीन बीमार समेत 51 विचाराधीन कैदी जमानत पर रिहा

**सासाराम (रोहतास)।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर गठित अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के निर्देश पर रोहतास जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 106 बंदियों को चिन्हित किया गया था जिनको जमानत पर रिहा करने के लिए कमेटी के छह सदस्यीय टीम के द्वारा न्यायालयों को पत्र लिखकर सूचित किया गया था जिसमें से मात्र 51 बंदियों को 15 मई 2024 तक जमानत पर छोड़ दिया गया है। 51 बंदियों में 24 पुरुष और 24 महिला बंदी थे जो छोटे-छोटे अपराधों में बंदी थे जिनकी अधिकतम सजा सिर्फ दो साल थी जिनके परिजनों के द्वारा उनकी रिहाई या जमानत के लिए प्रयास नहीं किया जा रहा था। वहीं 3 बीमार बंदी शामिल थे। जिन्हें बेहतर इलाज की आवश्यकता थी। उन्हें भी जमानत पर छोड़ दिया गया है। बताते चलें कि यू टी आर सी के अध्यक्ष जिला जज अनुज कुमार जैन तथा रोहतास जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार मिश्र समेत जिला पदाधिकारी, एसपी एवं दोनों जेल के जेलर सदस्य होते हैं। प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार मिश्रा ने बताया सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर 14 बिन्दुओं के अंदर आने वाले कैदियों के रिहाई या जमानत के लिए प्रयास किया जाता है।

### दूध के प्रसंस्करण के बारे में छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी

**सासाराम (रोहतास)।** जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडी की ओर से बी. एमएस छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट-सुधा डिहरी ऑन सोन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक निर्देशक सुदीप सिंह, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप, प्रो. डॉ. रजनीश रत्न, प्रो. डॉ. आलोक कुमार, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, राजीव रंजन एवं निखिल निशांत ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

## टाउन थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित तपेश्वर हिंदू महिला कॉलेज के समीप

# छिनतई का विरोध करने पर बदमाशों ने अहमदाबाद से आ रहे युवक को मारी गोली

- स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, सीने में गोली लगने से स्थिति गंभीर
- जख्मी युवक का बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित महिला कॉलेज के समीप रविवार की अहले सुबह छिनतई का विरोध करने पर अपराधियों द्वारा एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके बायें सीने में मारी गई है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी दसई यादव का 18 वर्षीय पुत्र रितेश यादव है।

वह गुजरात के अहमदाबाद में एक खटाल में मवेशी दुहने का काम करता है। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों भाग निकले। मौके पर



पहुंची टाउन थाने की गश्ती टीम द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। रितेश यादव ने बताया कि वह करीब छह वर्ष से गुजरात के अहमदाबाद स्थित खटाल में मवेशी



दुहने का काम करता है। शुक्रवार को वह वह अहमदाबाद से ट्रेन से गांव लौट रहा था। शनिवार की रात करीब बारह बजे आरा रेलवे स्टेशन उतरा। रात होने के कारण वह स्टेशन पर ही ठहर गया।

रविवार की सुबह करीब चार बजे गाड़ी पकड़ने पैदल ही धरहरा की ओर जा रहा था। उस बीच बाइपास रोड स्थित महिला कॉलेज के पास काले रंग की स्कूटी सवार तीन की संख्या में रहे बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसका बैग छीनने लगे। तब वह बदमाशों से भिड़ गया और हाथापाई करने लगा। अपराधियों पर जब युवक हावी होने लगा। तब बदमाशों ने पिस्तौल निकालकर धमकाने का प्रयास किया। इसके बाद उसे गोली मार दी गयी। उसके बाद अपराधी भाग निकले। तभी टाउन थाने की गश्ती टीम पहुंच गयी और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गय। तब थानाध्यक्ष देवराज राय के निर्देश पर पुलिस द्वारा उसे बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले जया गया।

पुलिस की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इधर, पुलिस अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। गोली लगने से युवक की बड़ी आंत और चेस्ट डैमेज, डाक्टर ने किया रिपेयर इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि गोली युवक के बाएं साइड सीने में बीचों-बीच लगी थी, जो पीठ के पिछले हिस्से में फांसी हुई थी। गोली लगने के कारण युवक की बड़ी आंत एवं छाती क्षतिग्रस्त हो गया था। तत्काल ऑपरेशन कर डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। बुलेट को निकाल दिया गया है। मरीज को ब्लड चढ़ाया जा रहा है। उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि अपराधियों की धर-पकड़ के लिए प्रयास किया जा रहा है। आसपास के लगे भी सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। जिससे अपराधियों को सुराग पुलिस के हाथ लग सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

## विद्युत विपत्र सुधार व मीटर सम्बंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

विद्युत उपभोक्ताओं का दोषपूर्ण एवं गलत विपत्र को सुधार करने तथा मीटर सम्बंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु 20 मई से 30 मई तक शिविर लगेगा। बताते चलें कि विद्युत विपत्र में त्रुटि मुख्यतः गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत, खराब मीटर एवं अन्य कारणों से होती है। जिससे कि उपभोक्ता चाहकर भी विपत्र का भुगतान नहीं कर पाते हैं । सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया गया कि कैम्प में प्राप्त शिकायत के संबंध में यह प्रयास रहेगा कि स्थल पर ही अधिकाधिक नियमानुसार सुधार कर दिया जाय । जो उपभोक्ताओं का सुधार कैम्प स्थल पर संभव नही है उनका विपत्र निरीक्षण के पश्चात अधिकतम सात दिनों के अंदर सुधार करते हुए सुधारा गया विपत्र उपभोक्ता को हस्तगत करा दिया जाएगा ।

## दोस्त के घर पटना जा रहे हरियाणा के युवक की चलती ट्रेन से गिरने से मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

स्थानीय आरा रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की रात दोस्त के घर जा रहे हरियाणा के एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। ट्रेन के गेट पर बैठे होने के कारण वह असंतुलित होकर गिर पड़ा। जिससे उसकी जान चली गई। मृत युवक हरियाणा के गुरुग्राम जिले के पटौदी थाना क्षेत्र के खानपर गांव निवासी संदीप सिंह काढू उर्फ चरण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र साहिल था। वह गुरुग्राम स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसके दोस्तों की सूचना पर रेल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पटना सिटी मोहल्ला निवासी दोस्त धीरज कुमार ने बताया कि वह साहिल सहित अन्य के साथ गुरुग्राम में कंपनी में काम करता है। शनिवार की रात वह साहिल और एक अन्य दोस्त के साथ पटना आ रहा था। उस दौरान साहिल ट्रेन की गेट पर बैठा हुआ था। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के पूरब असंतुलित होकर वह ट्रेन से गिर पड़ा। उससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है है कि साहिल दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां सारावती देवी और भाई अंकुश है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। किसी को विश्वास नहीं हो रहा है कि अब वह इस दुनिया में नहीं है।

## एक नजर

### तिवारी गैंग का सरगना 50 हजार का इनामी गार्ड तिवारी गिरफ्तार



**जहानाबाद।** पुलिस ने तिवारी गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गार्ड तिवारी जो कि वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव का रहने वाला है। बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश में इस पर कई मामले दर्ज है। हाल के दिनों में जहानाबाद में तिवारी गैंग में तीन घटनाओं को अंजाम दिया था। गार्डन तिवारी के ऊपर 50 हजार रुपए का इनाम था। डीएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर अपराधी को चिन्हित किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके पास लूटे गए जो पैसे थे इसने अय्याशी पर खर्च कर दिया। पुलिस ने गार्ड तिवारी से पूछताछ की। जिसमें उसने पुलिस को बताया कि तिवारी गैंग खड़ा कर अपराधिक वारदात को अंजाम देते थे। पहली बार गोपालगंज के इलाके में जाकर पैसे की लूट की थी। अलग-अलग जिलों में लूट के साथ ही यूपी और झारखंड तक शिकार की तलाश में यह गैंग पहुंचता था। तिवारी गैंग के निशाने पर बूढ़े बुजुर्ग और कमजोर लोग होते थे। गैंग के बच्चे और महिलाएं पहले रेकी करते थे, बाद में घर के बड़े लोग घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने गैंग का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले लूट की योजना बना रहे तिवारी गैंग के नौ अपराधियों को नवगछिया पुलिस ने एनएच 31 स्थित होटल से गिरफ्तार किया था। अपराधियों के पास से पुलिस ने हथियार, गोली व नकद बरामद किया है। इस संबंध में एसपी कार्यालय में नवगछिया एसपी ने पीसी कर बताया था कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच 31 स्थित बंधु होटल में नौ-दस व्यक्ति इकट्ठा होकर किसी अपराध की योजना बना रहे हैं। ये लोग किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले हैं। ये सभी बैंक से रुपये लेकर निकलने वालों को अपना निशाना बनाते हैं। सूचना के सत्यापन के लिए एसडीपीओ ओम प्रकाश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। और फिर 9 लोग गिरफ्तार कर लिए गए थे। गार्ड तिवारी की गिरफ्तारी के बाद पूरा गैंग सलाखों के पीछे है।

### बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

कैमूर। कैमूर जिले में एक बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना भभुआ थाना क्षेत्र के बेतरी-मुंडेश्वरी मार्ग पर मोकरी गांव के पास घटी। इसके बाद घटनास्थल पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं, आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर मौके से भाग गया। आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अंत्य परीक्षण होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक युवकों की पहचान मोकरी गांव निवासी श्रीनिवास राम के बेटे ओमप्रकाश (20) और दिवंगत सुरेंद्र राम के बेटे प्रदीप कुमार (23) के रूप में हुई है।

## यूपी से आरा लायी जा रही अंग्रेजी शराब की खेप बरामद, बोलेरो जब्त

- गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप पकड़ी गयी शराब की खेप
- पुलिस को देख गाड़ी छोड़ कर भागे तस्कर, 1244 लीटर शराब जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

गजराजगंज ओपी की पुलिस की ओर से फिर अंग्रेज शराब की एक बड़ी खेप बरामद की गयी है। इस बार पुलिस ने शनिवार रात आरा-बक्सर फोरलेन पर धमार मोड़ के समीप बोलेरो से 1244 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। हालांकि पुलिस को तस्कर गाड़ी और शराब छोड़ भाग निकले। शराब यूपी से लायी जा रही थी। एसपी नीरज कुमार सिंह की ओर से रविवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि शनिवार की रात करीब दस बजे सूचना मिली कि उजले रंग की बोलेरो से छोटकी सासाराम पड़ाव और गजराजगंज बाजार होते अंग्रेजी शराब की खेप आरा की ओर लायी जा रही है। उस आधार पर शराब की बरामदगी व



तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी सह ओपी इंचार्ज रश्मि और दारोगा हरि प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। टीम द्वारा तत्काल बोलेरो गाड़ी का पीछा किया गया। तब फोरलेन पर धमार मोड़ के पास दो तस्कर गाड़ी छोड़ भाग निकले। उसके बाद टीम द्वारा गाड़ी की तलाशी ली गई। उस दौरान गाड़ी से यूपी निर्मित विभिन्न ब्रांड की 1244 लीटर शराब बरामद की गयी। टीम में एएसआई सुबोध कुमार सहित ओपी के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। इस मामले में पुलिस की ओर से बोलेरो चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। शनिवार की सुबह भी गजराजगंज ओपी पुलिस द्वारा एक कार से 210 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी थी। बता दें कि गजराजगंज ओपी पुलिस की ओर से दस रोज में करीब एक हजार लीटर शराब जब्त की गयी है। तीन कार भी जब्त की गयी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जब्त वाहन नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक की खोज की जाएगी। हांलाकि पुलिस ने इस बात से भी इंकार नहीं किया है कि जांच करने पर यह वाहन चोरी की हो सकती है। इसके विरूद्ध किसी थाने एफआईआर दर्ज होगी।




## आम लोगों को चाहिए कि स्वयं सीधे धूप में जाने से बचें

# आसमान से बरस रही है लू वाली आग जवाब दे गए कूलर व पंखे : डॉ अरुण

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

भीषण गर्मी का कहर लगातार जारी है । आसमान से बरस रही आग ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है । तेज धूप, गर्म हवा, लू के थपेड़ों के कारण लोगों का जीना दुस्वार हो गया है । गर्मी के चलते बिजली के कट भी बार-बार लग रहे हैं। कूलर तथा पंखे भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दिला पा रहे हैं।भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर काफी असर डाल रहा है जिससे लोगों के काम धंधे भी प्रभावित हो गए हैं । गलियों, सड़कों, बाजारों तक सब कुछ विरान दिखाई दे रहा है । गर्मी ने भी रौद्र रूप धारण किया हुआ है । भीषण गर्मी के चलते जिंदगी ठहरी सी दिखाई देने लगी है । उल्टी, दस्त, डायरिया, पेट दर्द के मामलों में इजाफा हुआ है। दिन निकलते ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो जाती है और यह सिलसिला शाम तक जारी रहता है। भीषण गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा रही है, तो घरों में चल रहे कूलर तथा पंखें भी गर्मी के सामने बेअसर हो रहे हैं । रविवार को दिन का आगाज कड़ी धूप के साथ हुआ । दोपहर



को शहर में सड़कें पूरी तरह से सुनसान नजर आ रही थी । शाम ढ़लने के बाद ही कुछ राहत लोगों को मिल रही है। आग उगल रहे सूरज का असर स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है । बच्चे , युवा तथा बुजुर्ग उल्टी तथा दस्तों की चपेट में हैं । इसके चलते अच्छे खासे मरीज सामान्य अस्पताल तथा निजी अस्पतालों में देखने को मिल रहे हैं । शहर के डुमरांव रोड तेंदुनी काली मंदिर के समीप स्थित रीता मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तापमान बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है । जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । उन्होंने कहा कि इसमें लोगों को चाहिए कि वह स्वयं सीधी धूप से बचें और धूप के दौरान बाहर निकलने से परहेज करें ।

# केंद्र और प्रदेश की सरकार जनादेश का अपहरण करने वाली सरकार: सनातन

- अग्निवीर योजना होगी समाप्त, युवाओं को मिलेगा रोजगार, नहीं तो 8500 रुपया बेरोजगारी भत्ता
- शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल डाटा फ्री, हर महिला को एक लाख सलाना मिलेगा



केटी न्यूज/ बलिया

केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार जनादेश का अपहरण करने वाली सरकार के रूप में कुख्यात हो चुकी है। चाहे मध्य प्रदेश हो, महाराष्ट्र हो, हर जगह चुनी हुई सरकार को अस्थिर किया गया। बलिया में भी 2019 लोकसभा चुनाव में जनमत का अपहरण कर जनता के मत को दबाया गया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होने वाला। लोकसभा क्षेत्र की जनता भी ठान चुकी है और मैं भी कृतसंकल्प हूं कि इस बार किसी भी कीमत पर सत्ता का कुचक्र नहीं चलने दिया जाएगा। यह उद्गार बलिया लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय ने रविवार को बलिया विधानसभा क्षेत्र के निधरिया अगरसंडा, मिड्ढा, भगवानपुर, नोनिया, छपरा, आमडारी, पांडेयपुर, सागरपाली, देवरिया कला आदि गांवों में आयोजित जन चौपाल में कही। कहा कि इण्डिया गठबन्धन के सरकार में 10 किलो अनाज, मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल डाटा फ्री और हर महिला को एक लाख सलाना पेंशन, युवाओं को रोजगार, नहीं तो 8500 रुपया बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। अग्निवीर योजना समाप्त होगी। आप लोग एक जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लें।

### बलिया समाजवाद की उर्वरा भूमि है, हम इसे और सिंचित करेंगे

यह चुनाव भारत के लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव है। भारत के संविधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा का चुनाव है। इस चुनाव से देश के लोकतांत्रिक ढांचे को और मजबूत करने का काम करना है। कहा हम विचारधारा की राजनीति करते है। भाजपा उम्मीदवार की तरह विचारधारा को तिलांजलि नहीं देते जो व्यक्ति अपने पुरखों के विचारधारा पर नहीं चल पाया। वह बलिया की जनता के साथ क्या चल पाएगा। बलिया समाजवाद की उर्वरा भूमि है। हम इसे और सिंचित करेंगे। सत्ताधारी दल के लोग बलिया आने वाले स्टार प्रचारकों की लम्बी सूची जारी करके बलिया के लोगों का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि बलिया के गली, चौराहा और नुक्कड़ पर स्टार प्रचारकों से अच्छे वक्ता मिल जायेंगे। बलिया में इतने योग्य एवं कर्मठ नेता हैं कि इनके सवालों का जबाब भाजपा के बड़े नेता नहीं दे पाएंगे। इस मौके पर सपा के पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, डा.विश्राम यादव, संजय उपाध्याय, सुशील पाण्डेय कान्हजी, ओमप्रकाश पाण्डेय, रामजी गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### गाजीपुर के भरौली गांव के बगीचे में मुसहर दंपत्ति का शव मिलने से मची सनसनी



**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव के दक्षिण स्थित बगीचे में मुसहर दंपत्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे प्रकरण की छानबीन में जुटी हुई है। बताते चलें कि करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौली कला गांव के दक्षिण तरफ बाग में थाना क्षेत्र के करकटपुर निवासी मेल्हू मुसहर पुत्र स्व. सीताराम मुसहर (62) तथा मेल्हू मुसहर की पत्नी सुलेखया देवी मृत अवस्था में पाई गई। ग्रामीणों की सूचना पर करीमुद्दीनपुर के थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह दलबल के साथ पहुंचे और छानबीन की। घटना स्थल पर छानबीन करने के बाद महिला के हाथ में चूड़ी से कटे का निशान पाया गया। इसके अलावा उसका पेट फुला हुआ था। मामले की तहकीकात के बाद उपस्थित लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिस को मृतक के बारे में डिटेल जानकारी मिली। उपस्थित लोगों ने बताया कि यह दोनों पति-पत्नी हैं। इसका नाम क्रमशः मेल्हू मुसहर व सुलेखिया देवी है। पुलिस ने ग्राम प्रधान को सूचित कर मौके पर बुला कर लाश की तफ्तीश करने के बाद कब्जे में लेकर थाने ले गई। थाने ले जाने के बाद पुलिस में परिजनों को सूचना देकर थाने पर बुलाया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उपस्थित लोगों ने बताया कि मेल्हू तथा उसकी पत्नी प्रतिदिन क्षेत्र में घूम कर लकड़ी काटकर उसे बेचने का काम करते थे। शाम के समय वह नशे में धुत होकर खेतों के रास्ते अपने घर को जाते हुए दिखाई दे देते थे। अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चल पाएगा। एसओ ने बताया कि पोस्?टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना स्पष्ट हो पाएगी। ऐसे पूरे इलाके में चर्चा है कि दंपति की मौत के पीछे कोई बड़ा रहस्य हो सकता है। कुछ लोगों ने हत्या की भी आशंका जताई है।

### चंदौली जिले के भगवानपुर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव के समीप शनिवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। लोगो की सूचना के बाद मौके पर पहुचे नवीन मंडी चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वही मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बतातें है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी छोटे का 24 वर्षीय पुत्र पंकज शौच करने नहर की तरफ गया था। इस दौरान वो रात के अंधेरे में रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगो ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुचे रावेंद्र सिंह ने तत्काल युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत एसआई रावेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रेवतीपुर थाने के साइतबांध गांव के पास टेंपो से गिरकर महिला की मौत, गांव में मातम

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाने के साइतबांध गांव के पास ताड़ीघाट बारा नेशनल हाई-वे 124सी पर रविवार को टेंपो से गाजीपुर गंगा स्नान करने जा रही गीता देवी पत्नी रमेश दुबे (50) निवासी नजरी राय पट्टी रेवतीपुर अचानक टेंपो से अनियंत्रित होकर हाई-वे पर गिर गई। इसके कारण महिला के सिर में गंम्भीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकठ्ठी हो गई। महिला के मौत की जानकारी परिजनों को होते ही उनमें कोहराम मच गया। सभी रोने बिलखने लगे। जबकि घटना के बाद से गांव में मातम पसर गया। परिजन व ग्रामीणों ने इसकी सूचना रेवतीपुर पुलिस को दी। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने चली आई, जहां मृत महिला के शव का पंचनामा कराने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृत महिला के पति रमेश दुबे ने बताया कि उनकी पत्नी गीता देवी मोहनी एकादशी का व्रत लिए हुए थी। इसको लेकर गांव से एक टेंपो रिजर्व कर कुछ अन्य महिलाओं के साथ गाजीपुर गंगा स्नान करने के लिए जा रही थी। इस दौरान साइतबांध के पास हाई-वे पर अचानक एक जानवर आ गया। इसके कारण टेंम्पो अनियंत्रित हो गया। किनारे पर बैठी उसकी पत्नी चलते टेंम्पो से गिर गई। उसके सिर में गंम्भीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पति रमेश दुबे ने बताया कि उन्होंने पत्नी को घर पर स्नान के लिए बोला था, मगर वह मोहनी एकादशी के गाजीपुर गंगा स्नान की बात कह घर से गांव की अन्य महिलाओं के साथ निकल पड़ी। बताया कि वह खुद घर पर रहकर खेती-बारी कर परिवार का किसी तरह जीविकोपार्जन चलाते हैं। उनकी तीन पुत्रियां हैं। जिनकी शादी हो चुकी है।

### मड़ई में आग लगने से दो भाइयों की गृहस्थी जलकर राख, दो बकरियां भी मरीं

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के सराय बंधवापर शनिवार की देर रात को दो भाइयों बाबूलाल व नन्दलाल की रिहायशी मड़ई में आग लगने से नकदी सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। दो बकरियां जलकर मर गई। आग बुझाने में बाबूलाल भी झुलस गया । किसी प्रकार से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया । सराय बन्धवापर के रहने वाले बाबूलाल व नन्दलाल दोनो भाइयों की रिहायशी मड़ई अगल बगल सटी हुई थी । वे दोनों मेहनत मजदूरी करके जीविकोपार्जन करते है । शनिवार की रात लगभग 12 बजे अज्ञात कारणों से आग लगने से दोनों भाइयों की रिहायशी मड़ई जलने लगी। उसी समय आंधी आने से आग भयावह रूप धर लिया। रात्रि में अफरा तफरी मच गयी। परिजन भागकर किसी प्रकार से जान बचाये । किन्तु रिहायशी मड़ई जलकर राख हो गयी । मड़ई में रखा 15 सौ रुपये नकद, अनाज, कपड़ा, बिस्तर, पशुओं का चारा आदि सब जलकर राख हो गया । मड़ई में बंधी दो बकरी जलकर मर गयी। एक बकरी झुलस गयी।

### भाजपा सरकार ने देश को नोटबंदी, जीएसटी व कोरोना दिया है: घनश्याम प्रधान

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर रविवार को कार्यकताओं की एक बैठक जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें पार्टी को मजबूत बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। वहीं कार्यकताओं को अपने-अपने बूथ मजबूत करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिलकधारी बिंद ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी दलित शोषित व पिछड़ों को साथ लेकर चलने का काम करती है,और उनके दुख और सुख में हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा रहती है। जिसके लिए कार्यकताओं का भी कर्तव्य बनता है कि बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने के लिए तेजी से काम करें। जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने कहा कि भाजपा सरकार में बैठे लोग बस गरीबों को छलने व ठगने का काम किए हैं। जिससे गरीब परेशान वह हलकान हो गया है। भाजपा सरकार ने देश को नोटबंदी जीएसटी और कोरोना दिया है। जिससे पूरे देश में आर्थिक स्थिति चरमरा गई है।

## खबरें फटाफट

### ससुराल में फांसी लगा युवक ने दे दी जान

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में पत्नी की विदाई कराने गए युवक ने किसी बात से नाराज होकर घर के बगल में स्थित बगीचे में शनिवार की रात फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। ससुराल वालों ने इसकी सूचना मृतक के घर वालों को दिया। मृतक के भाई ने रविवार को घटना की सूचना बैरिया पुलिस को दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के उमरगंज उर्फ प्रेमचक निवासी श्रीभगवान भारती ने बैरिया थाने में दिए तहरीर में उल्लेख किया है कि मेरा भाई भुवनेश्वर भारती शनिवार को पत्नी की विदाई कराने अपने ससुराल मधुबनी निवासी हीपू पासवान के घर गया था। वह नशे की हालत में था। किसी बात से नाराज होकर वह घर के बगल के बगीचे के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

### कार सड़क किनारे पलटी, एक की मौत

**बलिया।** शनिवार की देर रात उभांव थाना क्षेत्र के सीयर-पशुहारी मार्ग स्थित बाबा डिगम्बर नाथ परती के मोड़ पर तेज रफ्तार डिजायर कार अंधा मोड होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा पलटी। जिसमें सवार दो युवक गम्भीर से घायल हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी सीयर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में जाते वक्त मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार शिवम यादव 18 वर्ष व दीपक शर्मा 28 वर्ष निवासी सिसैंडकला बेल्थरारोड से कार द्वारा अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान डिग्बर नाथ बाबा के परती मोड पर कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

### लूट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बलिया।** फेफना थाने की पुलिस ने लूट के मामले में एक आरोपी को मानपुर टोंस नदी पुलिया के पास से रविवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम कमल शशिकांत राय पुत्र अंजनी राय निवासी नरहीं है। आरोपी एक बड़े बैनर का तथाकथित पत्रकार था। फेफना थाने में सुजायत निवासी चंद सिंह ने तहरीर दी कि गोकुल पैलेस से 500 मीटर आगे एक बाइक पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा मेरी स्कार्पियो गाड़ी को रूकवा स्वयं को एसओजी टीम का बताते हुए उनकी जेब से 20 हजार रू छीन लिये थे।

दुबे छपरा पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडी गठबंधन पर बोला

# प्रभु श्रीराम की तरह भगवान कृष्ण को भी अपने महल में विराजमान करना है: सीएम

- बोले- जिस पार्टी ने राम के अस्तित्व को नकारा हो, सनातन धर्म को बच्चों के पाठ्य पुस्तकों से अलग कर दिया हो, ऐसा घमंडिया गठबंधन को मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे

केटी न्यूज/दयाछपरा



मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने रविवार के दिन दुबेछपरा में भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए करते हुए कहा कि जिस पार्टी ने राम के अस्तित्व को नकारा हो, सनातन धर्म को बच्चों के पाठ्य पुस्तकों से अलग कर दिया हो ऐसा घमंडिया गठबंधन को आपने अपना मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे क्योंकि इनका चरित्र दशानन रावण से मिलता है, जिसका हर गतिविधि भारतीय स्मिता के खिलाफ हैं। भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि देश हित में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी है।

उन्होंने कहा सोमनाथ का पहले ही उद्धार हो चुका है। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अपने मंदिर में हंसी-खुशी विराजमान हो गए हैं। अब बारी श्री कृष्ण की है, हम चाहेंगे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की तरह भगवान कृष्ण भी अपने महल में विराजमान हों। यह मोदी है तो ही मुमकिन है। अपने निर्धारित समय से 2 घंटे विलंब से सभा स्थल पर पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने देर होने पर क्षमा याचना करते हुए कहा की मौसम विपरीत है टेंपरेचर 45 के ऊपर है बावजूद इसके आप लोगों की भीड़ हमारे प्रत्याशी नीरज शेखर की जीत को सुनिश्चित बता रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार रावण भिखारी के रूप में नकली साधु के रूप में जाकर पतिव्रता सीता के साथ छल किया। उसी तरह इंडिया गठबंधन वाले भिखारी के रूप में आम मतदाताओं को ठगने का स्वांग रचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले अकबर, बाबर, औरंगजेब पढ़ाया जाता था हमने राम कृष्ण, गुरु गोविंद सिंह के बच्चों को पाठ्यक्रम में शामिल किया है जिससे उन्हें अपने धर्म आदर्श पुरुषों के विषय मे जानकारी हो सके। डॉ मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर द्वारा देश में अपने सेवा व योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर, बिहार के राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर, मार्कण्डेय शाही, राजीव मोहन चौधरी, पूर्व सांसद भरत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह व अन्य ने सभा को संबोधित किया। अध्यक्षता संजय यादव व संचालन अनूप चौबे ने किया।

### गाजीपुर में बोले सीएम मोहन यादव... यह गंगा मां, गौ माता, प्रभु श्रीराम का चुनाव है, कंस के कुल का खात्मा होकर रहेगा

**गाजीपुर।** लोकसभा गाजीपुर के भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में जंगीपुर के शेखपुर हनुमान मंदिर के बगीचे में जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म, सनातन संस्कृति के अनुसार मैं महाकाल से आता हूं, तो आप सभी बाबा विश्वनाथ की धरती के लोग हैं। गंगा जी के किनारे रहने वाले लोग हैं और आप कई बिंदुओं पर पहचाने जाते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी का बिना नाम लिए कहा कि विपक्ष के प्रत्याशी को यह बता दो की 56 इंच का सीना है। अब ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है समझ में आ जाएगा। गंगा माता, गौ माता, भगवान राम का चुनाव है कंस के कुल का खात्मा होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में फैक्ट्री नहीं है जब मैं इसका कारण पूछा तो लोगों ने बताया कि फैक्ट्री तो है लेकिन यहां पर हथियार और आतंक की फैक्ट्री है ऐसे लोग जनपद की पहचान को धूमिल करते हैं। इन्हें दूर करें गाजीपुर में टिफिन बम, साइकिल बम फूटा करता था जो लोग देश की खाते हैं लेकिन विरोधी देश का गाते हैं ऐसे लोगों को भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अबकी बार जवाब देने के लिए तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का गौरव है कि आप भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है और ऐसी पार्टी में एक छोटे से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री पद से भी नवाजा जाता है। लेकिन देश में 25 ऐसे परिवार है जो सारे पद चाहते हैं आज गुंडागर्दी करने वाले बम फोड़ने वाले आतंक के पर्याय ठिकाने लगाए जा चुके हैं। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होने कहा कि जिनके द्वारा यदुवंशियों की मौत पर नहीं पर वह यदुवंशियों की हत्या करने वालों की कब्र पर जाकर फूल चढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे लोगों को अब नकार देना चाहिए।



वहीं पारसनाथ राय ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 2014 से 2019 तक चला विकास का पहिया 2019 के बाद रुक गया है जिसको तेज गति से आगे बढ़ाने का मैं पूरा-पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर गाजीपुर सुधार मंडल अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में 8 मटकी दही मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव को भेंट की गई। कार्यक्रम मे राज्य सभा सांसद संगीता बलवंत, विशाल सिंह चंचल एम एल सी, सपना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष,जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, लोकसभा प्रभारी आर पी कुशवाहा, संयोजक कृष्ण बिहारी राय, भानु प्रताप सिंह, कुंवर रमेश सिंह पप्पू, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे

## 30 को हैबतपुर में सभा करेंगे पीएम मोदी भाजपा के नीरज शेखर के लिए मांगेगे वोट

केटी न्यूज/बलिया

लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत 72 बलिया लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार नीरज शेखर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए राष्ट्रीय नेताओं की डिमांड भाजपा के जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं बलिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी द्वारा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से की गई है। जिसमें 30 मई को हैबतपुर बलिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की डिमांड की गई है।

इसी प्रकार 27 मई को बलिया लोकसभा अंतर्गत इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की मांग की गई है। इसके अलावा 27 मई को माल्देपुर से कदम चौराहा तक रोड शो के लिए भारत सरकार के मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी एवं अभिनेता अरुण गोविल की मांग की गई है। वहीं 26 मई को इंटर कॉलेज आमघाट बलिया में भारत सरकार के मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा पीडी इंटर कॉलेज दुबे छपरा बैरिया बलिया में लोजपा रामविलास पासवान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की मांग जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है।

जबकि 25 मई को मंडी स्थल के सामने चितबड़ागांव बलिया में गृह मंत्री अमित शाह की मांग जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है। इसी प्रकार 24 मई को सोहांव इंटर कॉलेज सोहांव नरही बलिया में भारत सरकार के मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर तथा उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद की मांग संयुक्त जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है। इसी क्रम में 23 मई को सतीश चंद्र कॉलेज बलिया के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिमांड जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है। वही 22 मई को पीडी इंटर कॉलेज दुबे छपरा बैरिया बलिया के मैदान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मांग जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है। वहीं 21 मई को बलिया के नेशनल इंटर कॉलेज कासिमाबाद के मैदान में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वकर्मा की मांग जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है। 20 मई को बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज बैरिया के मैदान में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मांग जनसभा को संबोधित करने के लिए की गई है।

## शिप्रान्त सिंह गोलीकांड का एक और अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/बलिया

टीडी कालेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह गोलीकांड के एक और आरोपी को सुखपुरा पुलिस ने रविवार को मुखबीर की सूचना पर ब्रह्माईन बारह दुअरिया पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता भुटन उर्फ इम्तियाज पुत्र फैयाज निवासी परमंदापुर बताया। पकड़ा गया अभियुक्त घटना के दिन से ही बिहार भाग गया था। रविवार को वापस टकरसन छोडहर के रास्ते घर आ रहा था कि पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

बता दें कि 11 मई 2024 को थाना सुखपुरा अंतर्गत हनुमानगंज चौकी के पास टीडी कालेज के छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रान्त सिंह पर जान से मारने की नीयत से बदमाशों ने गोली मार दी थी। जिसमें से एक गोली शिप्रान्त के दाहिने साइड पीठ तथा बाए पैर में लगी थी। जिसमें पुलिस ने घायल पिता के तहरीर पर सचिन यादव व बलवंत यादव पुत्रगण मनराज यादव, नवीन यादव समेत चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से पुलिस ने अमन राय को करनई गांव के पास से गिरफ्तार किया था। जबकि फरार चल रहे मुख्य आरोपी बलवंत यादव की गिरफ्तारी के लिए 15000 रुपया इनाम घोषित किया है।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने टीडी कालेज पहुंचकर सभी प्रशिक्षुओं को उनके कार्यों के बारे में किया ब्रीफ

# पोलिंग पार्टियों के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट का सामंजस्य अति आवश्यक

केटी न्यूज/बलिया

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद के लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर-71 और लोकसभा क्षेत्र बलिया-72 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने समस्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के टीडी कालेज में आयोजित निर्वाचन द्वितीय प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण कर सभी को निर्वाचन संबंधी दायित्व के बारे में ब्रीफ किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों व प्रशिक्षुओं को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए निर्देशित किया कि दिये जा रहे प्रशिक्षण को गम्भीरता व जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करें, जहां भी डाउट हो तुरन्त पूछकर निवारण सुनिश्चित कर ले और सौपे गये दायित्वों को पूरी लगन और निष्ठा के साथ सम्पादित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को कल से वाहन उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से वे सभी मतदेय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, शेड ,बिजली, प्रकाश, रैंप, शौचालय आदि की व्यवस्था की जानकारी लेंगे। समस्या होने पर संबंधित एआरओ से सामंजस्य बनाकर उसका समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे। कहा कि चुनाव में आप सभी कार्मिकों को प्रयोगात्मक और प्रक्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने ईवीएम की विभिन्न बारीकियों की जानकारी अवश्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पीठासीन अधिकारी के कार्यों का गहनता से अध्ययन करने का निर्देश दिया। कहा कि का पोलिंग पार्टियों के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सामंजस्य अति आवश्यक है। उन्होंने वोटिंग प्रतिशत की सटीक जानकारी के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और पीठासीन अधिकारी मतदान प्रतिशत संकलन एप को आवश्यक रूप से डाउनलोड करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी बूथ से समस्या के संबंध में सबसे पीठासीन अधिकारी का सबसे पहले फोन सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास आएगा, इसलिए सेक्टर और पीठासीन अधिकारी में बेहतर बाइंडिंग होगी, तो चुनाव संपन्न कराने में सहूलियत होगी। उन्होंने सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सकुशल चुनाव संपन्न कराने हेतु प्रेरित किया।



### पैरामिलिट्री फोर्स की निगहबानी में होगा लोकसभा चुनाव

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस महकमा ने कमर कस लिया है। इस दौरान प्रत्येक बूथ के साथ ही संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष पैनी नजर रहेगी। बलिया जिले के सातों विधानसभाओं में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के जिले में 22 कम्पनी (2970) पैरामिलिट्री फोर्स, दो कम्पनी पीएसी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर 800, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल 6000, होमगार्ड 5000, अपर पुलिस अधीक्षक दो तथा क्षेत्राधिकारी सात तैनात रहेंगे। इसके अलावा फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी होगी।

# फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा आजमगढ़, निकलेंगे ढेरों निरहुआ: सीएम योगी

- योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में चुनावी सभा को किया संबोधित
- बोले- आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, बनाना है औद्योगिक सिटी



**केटी न्यूज/आजमगढ़**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पिछली सरकारों के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, मगर आज अयोध्या में रामभक्तों की आवभगत होती है। सीएम योगी रविवार को मेहनगर में पार्टी प्रत्याशी दिनेश लाल 'निरहुआ' के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले आजमगढ़ की पहचान आतंक का गढ़ की बना दी गई थी, देश में कहीं भी आतंकी धमाके होते थे तो आजमगढ़ का नाम आता था, मगर बीते 10 साल में कहीं कोई आतंकी घटना नहीं हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे एक औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद घूमने के लिए इंग्लैंड निकल जाएंगे, क्योंकि वो बड़े लोग हैं। आपको अपने बीच का जनप्रतिनिधि चुनना होगा। सीएम ने वर्तमान सांसद और लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' की तारीफ करते हुए कहा कि दो साल में निरहुआ ने आजमगढ़ के लिए जितना कार्य किया है, उतना काम कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं कर सकता। सीएम योगी ने कहा कि छठे चरण में आपको देश में सरकार बनाने के लिए अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजना है।

### आजमगढ़ को लोग शक और अविश्वास की नजरों से नहीं देखते

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे चुनाव को देखें तो ये अब रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट चुका है। जिन्होंने आपके पहचान पर संकट खड़ा किया था, राष्ट्र की सुरक्षा में सेंध लगाई थी, जिन्होंने हमारे देवस्थलों को अपवित्र बनाने का प्रयास किया, जिन्होंने प्रदेश को आतंक का गढ़ बनाने का प्रयास किया, विकास को बाधित करने का प्रयास किया, ये चुनाव उन्हें जवाब देने का सर्वोत्तम माध्यम है। निरहुआ ने मात्र दो साल में आजमगढ़ की तस्वीर और तकदीर बदलने का प्रयास किया है। यहां दो लेन और फोर कनेक्टिविटी हो चुकी है, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्याल बन गया है, संगीत महाविद्यालय का निर्माण हो रहा है, एयरपोर्ट भी बन चुका है। अब आजमगढ़ को लोग शक और अविश्वास की नजरों से नहीं देखते, बल्कि आजमगढ़ की पहचान भोजपुरी के सुपरस्टार निरहुआ के संसदीय क्षेत्र के रूप में होती है।

# ईत्र, इमरती और ईमानदारी के लिए सुप्रसिद्ध जौनपुर की धरा को नमन

**केटी न्यूज/खुटहन/जौनपुर**

जौनपुर लोकसभा सीट से रविवार दोपहर शाहगंज विधानसभा अंतर्गत स्थित नेशनल इंटर कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर के लिए वोट कर चुनाव जिताने की अपील की। लगभग 25 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जौनपुर के इत्र की खुशबू और यहा के इमरती की मिठास तथा यहां के लोग ईमादारी के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जब भी सपा और कांग्रेस का गठजोड़ हुआ है तब-तब कोई न कोई आतंकी हमला उत्तर प्रदेश में हुआ है। लेकिन भाजपा के सरकार में कहीं गलती से पटाखा भी फूट जाता है तो पाकिस्तान सबसे पहले बोलने लगता है इसमें कि मेरा हाथ नहीं है। कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मागते हुए उन्होंने कहा कि कृपाशंकर बहुत ही अनुभवी हैं इनके नाम में ही शंकर की कृपा है, ये जौनपुर को मुंबई की तरह चमकाएंगे जननी और जन्मभूमि से बढ़कर कुछ भी नही है।

## खबरें फटाफट

### आटा चक्की के सॉफ्ट में फंसकर महिला की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमना में चलती चक्की के साफटीन में फंस कर प्रभावती देवी (55) पत्नी शोभा राजभर की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शोभा राजभर अपने मकान में आटा चक्की लगाते हैं। जिसपर उनका बड़ा बेटा सोनू पिसाई का कार्य करता है। सोनू बीती देर शाम चक्की चलाकर पिसाई कर रहा था। इस दौरान प्रभावती भी वहां मौजूद थीं। किसी काम के लिए प्रभावती चलती मशीन के साफटीन को पार कर दूसरी ओर जा रही थी कि अचानक तेज रफ्तार से चल रही साफटीन में उसकी साड़ी फंस गई और वह उसके साथ लिपट कर चक्कर काटने लगी। तेजी से घूमती साफटीन उसको जमीन पर पल भर में ही कई बार पटक दिया। तेज आवाज सुन पिसाई कर रहा बेटा सोनू उधर दौड़ा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पति व पुत्र के साथ गृहस्थी के कार्यों में हाथ बंटाती थी। इस बाबत जाल्हूपुर चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की चली गई जान

**वाराणसी।** लोहता थाना क्षेत्र के बनकट गांव रेलवे क्रासिंग के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जंसा थाना क्षेत्र के सजोई गांव निवासी रिंकू शर्मा(30) पुत्र रामचंद्र शर्मा सुबह टहलने के लिए जा रहा था। रेलवे क्रासिंग पार करते समय अचानक ट्रेन आ गई और चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक सैलून में काम करता था। थाना अध्यक्ष लोहता प्रवीण कुमार ने बताया कि क्षेत्र के बनकट नेवादा गांव के समीप 30 वर्षीय युवक शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। रिंकू की मौत से माता सावित्री व पत्नी सुनीता देवी के साथ परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ट्रेन की चपेट में आकर आए दिन लोगों की जान जा रही है, इसके बाद भी लोग इससे सबक नहीं ले रहे हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मेजा के सोरांव में जनसभा को किया संबोधित, बोले...

# कश्मीर से 370 की वापसी और देश के परमाणु हथियारों को खत्म करना चाहता है इंडी गठबंधन

- बोले- प्रयागराज की पावन भूमि हमेशा से समरसता और प्रेम को रही है समर्पित
- प्रयागराज की पवित्र धरती पर मैं कह कर जा रहा हूं, ये पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे



**केटी न्यूज/प्रयागराज**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मेजा के सोरांव में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर तीखा हमला किया। शाह ने इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और परमाणु हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लेने का है। ऐसे में जनता नेतृत्व विहीन गठबंधन की राजनीति को समझ चुकी है। इस बार के चुनाव में 400 पर से भी अधिक सीटें जीत कर देश की जनता पीएम मोदी को तीसरी बार भारत के सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। चिलचिलाती धूप में मेजा के सोरांव गांव के हेलीपैड पर गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर दोपहर 12:34 बजे उतरा। मंच पर चढ़ते ही अमित शाह ने बिना किसी औपचारिकता के सीधे माइक संभाल लिया। उन्होंने प्रयागराज की पावन धरा को नमन करने के साथ ही अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, लाल पद्मधर और राष्ट्र निमार्ता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को याद किया। उन्होंने महाकवि निराला, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा और हरिवंश राय बच्चन जैसे अमर साहित्यकारों को भी याद किया। शाह ने कहा कि यह पावन भूमि हमेशा से समरसता और प्रेम को समर्पित रही है। गृह मंत्री ने श्रृंगवेरपुर धाम, भारद्वाज मुनि आश्रम, झूंसी के उल्टा किला के सांस्कृतिक वैभव को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा से सोच समझकर सटीक और मजबूत निर्णय लिया है। उन्होंने जनता से पूछा- क्या आप देश में मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं या हर साल में बदलने वाला पांच बार में पांच प्रधानमंत्री। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता दीदी, खड़गे और राहुल बाबा क्या कभी प्रधानमंत्री बन सकते हैं? क्या जनता ने उत्तर दिया- नहीं। फिर जनता मोदी का जय घोष करने लगी। अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता खुलेआम कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनेगी तो कश्मीर से धारा 370 को फिर वापस ले आएंगे। इंडिया गठबंधन के नेता मणि शंकर अय्यर पाकिस्तान को सम्मान देने की बात कह रहे हैं। वह कहते हैं कि इसलिए पाकिस्तान को सम्मान देना चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार है। जबकि इंडिया गठबंधन वाले देश में परमाणु हथियारों को खुद खत्म करना चाहते हैं। ऐसे में इनकी मनसा क्या है यह आपको बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।



## मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र में गरजे अमित शाह बोले- देश के दो टुकड़े करना चाहती है कांग्रेस

**जौनपुर।** मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के मडियाहू में बी पी सरोज के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बिपक्ष पर जमकर हमला बोला।अमित शाह लगभग अपने 25 मिनट के भाषण में बिपक्ष पर लगातार हमलावर रहे।सबसे पहले उन्होंने आयो हुई जनता को ईश्वर मानकर प्रणाम करता हूँ।ये तो बी पी सरोज जी की लोकप्रियता है जो 47 डिग्री तापमान में ही आप लोग आए हो।उन्होंने मंच से जनता से पूछा भाईयों और बहनों यह कश्मीर हमारा है या नही,लेकिन खड़गे जी कहते है कि यूपी राजथान वालो।को कश्मीर से क्या लेना देना। बोले खड़गे जी आप 80 की उम्र पार कर गए इस देश को नही जान पाए हो। यहां का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में आते ही कश्मीर से धारा 370 हटा दी। अब लाल चौक पर तिरंगा झंडा लगा है। राहुल बाबा और इंडि गठबंधन कहते हैं हम सरकार में आयेंगे तो फिर से कश्मीर में 370 बहाल कर देंगे। कहा कि पहले यही लोग कहते थे कि अगर 370 को छेड़ोगे तो खून की नदियां बह जाएंगी। अरे राहुल बाबा पांच साल बीत गए एक भी कंकण चलाने की हिम्मत नही हुई। यह है मोदी की सरकार।

उन्होंने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि सोनियां मनमोहन की सरकार थी तो रोज बम फूटते थे। लेकिन जब मोदी की सरकार आयी तो एक बार पुलवामा में पाकिस्तान ने हिमाकत की।लेकिन उसके बाद 36 घंटे के अंदर पाकिस्तान के घर मे घुस कर हमने जबाब दिया। सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया कर दिया। अमित शाह ने कहा कि यह मोदी जी ही हैं जिसने भारत की अर्थव्यवस्था 11 वें नंबर से 5 वें नंबर पर लाने का काम किया।

अमित शाह ने कहा मैं राहुल बाबा व अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि 10 साल की आपकी सरकार ने उत्तर प्रदेश को क्या दिया।बोले मैं भी बनिये का बेटा हूँ,पूरा हिसाब किताब लेकर आया हैं। इन लोगो ने 10 साल के उत्तर प्रदेश को चार लाख नब्बे हजार करोड़ रुपये दिया है वही मोदी जी ने उन्नीस लाख ग्यारह हजार करोड़ रुपए दिया है। इन रुपयों से उत्तर प्रदेश में मेट्रो सेवा,तमाम उद्योग लगाए गए। शाह ने सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई।

## एक नजर

### मंदिर में कटा हाथ देख सन्न रह गए लोग, आधा किमी दूर मिली युव की लाश

**मिजार्पुर।** मिजार्पुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र के रैकरा व तेंदुआ गांव के बीच स्थित हनुमान मंदिर में एक युवक का हाथ काटकर हत्या कर दी गई। युवक का कटा हाथ हनुमान मंदिर में और उसका शव आधा किलोमीटर दूर एक बोरिंग के पास मिला। शनिवार शाम से लापता युवक का रविवार की सुबह शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन करने पहुंची। राजगढ़ थाना क्षेत्र के रैकरा गांव निवासी श्याम कोल (21) पुत्र अमृतलाल तीन दिन पहले अपने मौसी के घर गया था। शनिवार की दोपहर बाद तीन बजे वह मौसी के घर से अपने घर लौटा। शाम पांच बजे अपने घर से साइकिल लेकर निकला। इसके बाद घर वापस नहीं आया। रात को घर न लौटने पर परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने मन्दिर में छानबीन किया तो धारदार हथियार हंसिया भी बरामद हुआ, जिससे हाथ काटा गया था। पुलिस ने आसपास छानबीन की तो 500 मीटर दूर एक बोरिंग मशीन के पास श्याम कोल का शव बरामद हुआ। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्याकांड का खुलासा किये जाने की मांग की। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह मजदूरी करता था।



### मऊ के मधुबन मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में सिपाही की मौत, पीआरडी जवान घायल

**मऊ।** जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के मधुबन मुख्य मार्ग पर बसियाराम साइफन के पास रात्रि गश्त कर बाइक से वापस लौट रहे दोहरीघाट थाना के सिपाही की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पीआरडी जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घायल पीआरडी के जवान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि बस्ती जनपद के रुधौली थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी सिपाही नीतीश कुमार पटेल पुत्र स्व श्यामलाल पटेल की तैनाती दोहरीघाट थाना में थी। जो पीआरडी जवान संपूणार्नंद पटेल के साथ क्षेत्र में गश्त कर अपने बाइक से थाना वापस लौट रहा था। तभी बसियाराम साइफन के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ में बाइक के टक्कर लगते ही बाइक चला रहे सिपाही नीतीश व पीआरडी का जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर लगते ही बाइक में आग लग गई व बाइक धू धू कर जल उठी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोहरीघाट लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत सिपाही नीतीश को मृत्यु घोषित कर दिया। घायल पीआरडी के जवान की इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोहरीघाट में चल रहा है।

# पत्रकार हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत इमरानगंज बाजार में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या की घटना का मुख्य फरार आरोपी जमीरूद्दीन कुरैशी को जौनपुर पुलिस द्वारा महाराष्ट्र के जिला थाणे से गिरफ्तार किया गया था। ट्रांजिट रिमांड पर जौनपुर लाते समय अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर खंडवा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कूद कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने पुनः महाराष्ट्र के जिला थाणे के गांव से गिरफ्तार किया है। इस मामले में रविवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि शाहगंज में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के सम्बन्ध में वांछित अभियुक्त जमीरुद्दीन पुत्र स्व. हनीफ कुरैशी ग्राम सबरहद थाना शाहगंज को थाना ठाणे जनपद ठाणे, महाराष्ट्र से 14 मई को गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त को पुलिस द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर न्यायालय सीजेए ठाणे महाराष्ट्र से ट्राजिंट रिमाण्ड प्राप्त कर ठाणे महाराष्ट्र से ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिलन से वापस थाना शाहगंज आ रहे थे। इसी दौरान खंडवा रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलते ही



अभियुक्त जमीरुद्दीन टायलेट ले जाते समय ट्रेन से कुद कर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ.अजय पाल शर्मा ने कई टीमों का गठन कर उसकी गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। आज जौनपुर पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त फरार जमीरूद्दीन कुरैशी पुत्र स्व. हनीफ निवासी सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को ग्राम बोरीवली थाना पड़घा जनपद थाणे ,महाराष्ट्र से पुनः गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर वापस जौनपुर लाया जा रहा है।

### सोनभद्र में हुए सड़क हादसे में एक की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र के बीजपुर रेनुकूट मार्ग पर शनिवार की देर रात सड़क हादसा हो गया। घटना में बाइक खड़ी हाइवा में टकरा गई। इसमें बाइक सवार दो युवक व एक किशोर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। राजेश(18), सोनू कुमार(15), छोटू( 22) वर्ष तीनों विवाह में शामिल होने बिछियारी जा रहे थे। इसी दौरान नकटू किसान सेवा केंद्र के पास एक बाइक एक खड़ी हाइवा में पीछे से घूस गई। घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बा राजेश को गंभीर चोट लगने से ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया।




### 21 मई को होगा कार्यक्रम, लोकसभा के 1909 बूथों से 10-10 महिलाओं की होगी भागीदारी

# संपूणार्नंद विवि में 25 हजार महिलाओं से संवाद करेंगे पीएम मोदी

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में 21 मई को प्रवास करेंगे। पूर्वांचल में सभाओं के बाद शाम को पीएम मोदी वाराणसी पहुंचेंगे और संपूणार्नंद विश्वविद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीएम काशी लोकसभा क्षेत्र की 25 हजार महिलाओं से संवाद करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी देश में आधी आबादी की पूरी भागीदारी पर चर्चा करेंगे तो उनके लिए बनाए गए कानून की विशेषताएं गिनाएंगे। इसके लिए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो घर-घर जाकर महिलाओं को सम्मेलन में लाएंगी। वाराणसी लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीत के लिए भाजपा हर स्तर पर जुटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाव पर 21 मई को काशी संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन का



आयोजन किया गया है। पीएम सीधे महिलाओं से संवाद करेंगे और यह बनारस सबसे बड़ा महिला सम्मेलन होगा। वाराणसी में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने पीएम के मातृशक्ति सम्मेलन की कमान संभाल ली है। दिल्ली से वाराणसी पहुंचे सुनील बंसल ने 25 हजार महिलाओं की भागीदारी के लिए 1909 बूथों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। महिला मोर्चा की प्रदेश, क्षेत्रीय, जिला, महानगर, मंडल की पदाधिकारियों, कार्यकताओं और महिला पार्षदों को लक्ष्य दिया। इसमें अल्पसंख्यक खासकर मुस्लिम महिलाओं की बड़ी भागीदारी की बात भी कही। केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर सुनील बंसल ने कहा कि वाराणसी में 2024 का चुनाव नए कीर्तिमान बनाएगा, पीएम मोदी की जीत में आधी आबादी की पूरी भागीदारी इतिहास में लिखी जाएगी। नारी शक्ति संवाद में सभी वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मातृशक्ति की भूमिका के लिए महिला मोर्चा हर बूथ से दस-दस महिलाओं से अधिक की टीम तैयार करें, तीन दिन के अंदर प्रत्येक वर्ग की बहनों से संपर्क कर उन्हें पीएम मोदी के कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित करें।

### बाहुबली बृजेश सिंह ने मांगे भाजपा के लिए वोट

**वाराणसी।** वाराणसी में पूर्वांचल की राजनीति के बाहुबली बृजेश सिंह लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में सक्रिय हैं। लंबे समय से राजनीति मंच से दूर रहने वाले बृजेश सिंह के सिर पर कमल निशान की टोपी और गले में भाजपा का पटका है। पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह अब भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं। भाजपा नेताओं के साथ जनसभाएं कर रहे हैं और जीत के लिए लोगों से अपील करते नजर आ रहे हैं। हालांकि बृजेश सिंह की पत्नी अन्नपूर्णा सिंह वर्तमान में एमएलसी हैं और भाजपा के प्रत्याशी को हराकर एमएलसी चुनाव जीती थी। वाराणसी के चिरईगांव की जनसभा में भाजपा के लिए वोट मांगते बृजेश सिंह, मंच पर जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।



यह देखना अहम होगा कि रायबरेली की जनता इस बार राहुल गांधी को अपनाती है, या बीजेपी बाजी मार जाती है, क्योंकि पिछले कुछ चुनावों में भले ही इस सीट से सोनिया गांधी ने जीत हासिल की हो, लेकिन नतीजों पर नजर डालें तो यह दिखता है कि कैसे चुनाव दर चुनाव उनकी जीत का मार्जिन घटा है। बीजेपी के कई नेता तो यह भी आरोप लगाते हैं कि सोनिया गांधी को इस बार अपनी हार का आभास हो गया था, जिसके चलते ही उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राजस्थान की राज्यसभा सीट के रास्ते संसद जाना बेहतर समझा।



प्रियंका यहां वोटर्स को लुभाने के लिए लगातार छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनसंवाद कर रही हैं। प्रियंका की कोशिश यह है कि राहुल के रायबरेली में उनके पक्ष में एक राजनीतिक जमीन तैयार की जाए, जिससे राहुल रायबरेली में प्रचार करते हुए देश के अन्य राज्यों की सीटों पर भी अपने सक्रियता जारी रख सकें।

### रायबरेली में प्रियंका गांधी ने संभाल रखा था भाई राहुल का चुनावी कैंपेन

# क्या काम आएगा भावनात्मक मुद्दा?



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने रायबरेली सीट पर नामांकन के आखिरी दिन राहुल गांधी की उम्मीदवारी का ऐलान किया था। पहले माना जा रहा था कि राहुल गांधी, अमेठी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे लेकिन अंतिम क्षणों में कांग्रेस ने राहुल को रायबरेली से उतारकर एक सरप्राइजिंग फ़ैसला किया। राहुल फिलहाल पूरे देश में घूमकर कांग्रेस के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। दूसरी और रायबरेली सीट के लिए राहुल के चुनाव प्रचार से पहले उनकी बहन प्रियंका गांधी उनके लिए माहौल तैयार कर रही थी। 20 मई को यहां वोटिंग हो जाएगी।

प्रियंका यहां वोटर्स को लुभाने के लिए लगातार छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के जरिए जनसंवाद कर रहीथी। प्रियंका की कोशिश यह थी कि राहुल के रायबरेली आने से पहले ही उनके पक्ष में एक राजनीतिक जमीन तैयार की जाए, जिससे राहुल रायबरेली में प्रचार करते हुए देश के अन्य राज्यों की सीटों पर भी अपने सक्रियता जारी रख सकें।

### राहुल के लिए तैयार कर रहीं राजनीतिक जमीन

प्रियंका गांधी रायबरेली में नेहरू-गांधी परिवार के 100 साल के संबंधों वाला कार्ड खेलकर एक भावनात्मक संदेश दे रहीं हैं। राहुल के लिए रायबरेली में दो कैंपेन ज्यादा चर्चा में हैं। इसमें एक 'सेवा के 100 साल' है, तो दूसरा 'रायबरेली के राहुल' रखा गया है। खास बात यह है कि रायबरेली में राहुल के लिए इस बार प्रचार कर रही प्रियंका गांधी पहले इस सीट से चार बार चुनाव लड़ चुकीं अपनी मां सोनिया गांधी के चुनावीं कैंपेन को भी मैनेज करती रहीं हैं।

पिछले दो दिनों में रायबरेली के बछरावां और रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र में प्रियंका गांधी ने 25 से ज्यादा नुक्कड़ सभाएं की हैं और 7 जनवरी 1921 के मुंशीगंज नरसंहार का जिक्र किया है जिससे नेहरू-गांधी परिवार के रायबरेली से संबंध को एक अहम चुनावी मुद्दा बनाया जा सके।

### एक सदी पुराना है नेहरू-गांधी फैमिली का संबंध

इसको लेकर कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने कहा कि रायबरेली के साथ नेहरू-गांधी फैमिली का संबंध अब एक सदी पुराना हो चुका है, जो की मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू के समय से शुरू हुआ था। कांग्रेस नेता ने कहा कि 1921 में पुलिस द्वारा नरसंहार के दौरान किसानों के साथ यह दोनों ही खड़े थे। उस आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी किसानों को गोली मार दी गई थी और जवाहरलाल नेहरू को भी किसानों का समर्थन देने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया था।

प्रियंका ने इन चुनावों के लिए रायबरेली में पार्टी कार्यकर्ताओं की पहली बैठक के दौरान उस घटना का उल्लेख किया था। बछरावां में उन्होंने कहा था कि हम आप की पुकार सुन के आए मोतीलाल ने देखा, जवाहरलाल जी ने देखा आप खींच के लाए चार पुश्तों से हम आपसे जुड़े हैं। प्रियंका ने इंदिरा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गलतियाँ हुईं लेकिन सबक भी सीखा गया, जो रायबरेली से हार गईं लेकिन बाद में जीत गईं। 1952 में भारत के पहले चुनाव के बाद से कांग्रेस ने 72 वर्षों में से 66 वर्षों तक रायबरेली लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी।

## क्या है बीजेपी के दिनेश प्रताप का चुनावी कैंपेन?

एक अन्य कांग्रेस नेता ने इस चुनावी कैंपेन को लेकर कहा था कि यह बताता है कि कैसे कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है, न कि अमीरों के साथ। दिलचस्प बात यह है कि बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के चुनावी कैंपेन में यह जिक्र हो रहा है कि कैसे सोनिया गांधी ने रायबरेली छोड़ दी। राहुल ने अमेठी छोड़ दी और राहुल भी रायबरेली कुछ दिन में छोड़कर चले जाएंगे। यह देखना अहम होगा कि रायबरेली की जनता इस बार राहुल गांधी को अपनाती है, या बीजेपी बाजी मार जाती है, क्योंकि पिछले कुछ चुनावों में भले ही इस सीट से सोनिया गांधी ने जीत हासिल की हो, लेकिन नतीजों पर नजर डालें तो यह दिखता है कि कैसे चुनाव दर चुनाव उनकी जीत का मार्जिन घटा है। बीजेपी के कई नेता तो यह भी आरोप लगाते हैं कि सोनिया गांधी को इस बार अपनी हार का आभास हो गया था, जिसके चलते ही उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राजस्थान की राज्यसभा सीट के रास्ते संसद जाना बेहतर समझा।

---

**ओडिशा में लोकसभा की 21 सीटें हैं। 13 मई को 4 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है।। 20 मई को 5 सीटों पर मतदान हो गया।, 25 मई को 6 सीटों पर और 1 जून को 6 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। राज्य में विधानसभा चुनाव भी हैं। ये साफ है कि लोग प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री के तौर पर नवीन पटनायक को पसंद कर रहे हैं। इसका असर चुनाव पर भी दिख रहा है। लोकसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। वहीं विधानसभा में बीजू जनता दल, यानी बीजेडी बहुमत हासिल कर सकती है। बीजेडी नेशनल इश्यू पर मोदी सरकार को सपोर्ट करती रही है। इसलिए लोगों को लगता है कि अंदरखाने दोनों पार्टियों की केमिस्ट्री अच्छी चल रही है। हालांकि, चुनाव से पहले बीजेपी और बीजेडी ने गठबंधन बनाने की कोशिश की थी, लेकिन एकराय नहीं बन पाई थी।**

### 11-12 सीटें जीत सकती है भाजपा, कांग्रेस के लिए इकलौती सीट बचाना मुश्किल

# ओडिशा में पटनायक का तोड़ नहीं, लेकिन भाजपा भी मजबूत

भुवनेश्वर से करीब 25 किलोमीटर दूर मेंढासाल गांव के टूना पात्रा बस ड्राइवर थे। अब रिटायर हो गए हैं। वे बिना झिझक पीएम और सीएम के पद के लिए अपनी पसंद जाहिर कर देते हैं। भुवनेश्वर के कैपिटल अस्पताल में इलाज कराने आईं ज्योत्सना रानी सिंह सामंता बताती हैं, 'मैं प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराती तो 20 हजार रुपए लगते। यहां मुफ्त में इलाज हो गया। मेरे पति का भी मुफ्त में इलाज हुआ है। कुछ पूछने से पहले ही साफ कर देती हैं, पीएम तो मोदी जी ही बनेंगे। ओडिशा में पटनायक आएंगे।

ओडिशा में लोकसभा की 21 सीटें हैं। 13 मई को 4 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। 20 मई को 5 सीटों मतदान हुआ, 25 मई को 6 सीटों पर और 1 जून को 6 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। राज्य में विधानसभा चुनाव भी हैं। ये साफ है कि लोग प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री के तौर पर नवीन पटनायक को पसंद कर रहे हैं। इसका असर चुनाव पर भी दिखेगा। लोकसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। वहीं विधानसभा में बीजू जनता दल, यानी बीजेडी बहुमत हासिल कर सकती है। बीजेडी नेशनल इश्यू पर मोदी सरकार को सपोर्ट करती रही है।

इसलिए लोगों को लगता है कि अंदरखाने दोनों पार्टियों की केमिस्ट्री अच्छी चल रही है। हालांकि, चुनाव से पहले बीजेपी और बीजेडी ने गठबंधन बनाने की कोशिश की थी, लेकिन एकराय नहीं बन पाई। 2019 के चुनाव में भाजपा को 8 सीटें मिली थीं। इस बार ये बढ़कर 11 से 12 हो सकती हैं। बीजेडी की सीटें इस बार घट सकती हैं। पिछले चुनाव में उसे 12 सीटें मिली थीं, इस बार पार्टी को 8 से 9 सीटें मिल सकती हैं। 5. राज्य में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में है। पार्टी ने पिछली बार सिर्फ एक सीट कोरापुट जीती थी, इस बार उसे बचा पाना भी मुश्किल है।

### जमीन पर दो ही नाम, मोदी और पटनायक


लोगों से बातचीत में समझ आता है कि वे कैंडिडेट के लिए नहीं, पीएम और सीएम के लिए वोट कर रहे हैं। सीनियर जर्नलिस्ट रबिदास कहते हैं, 'लोगों के जेहन में मोदी की मजबूत नेता की इमेज बनी हुई है। ये इमेज बालाकोट स्ट्राइक के बाद बनी थी। आप लोगों से पूछें कि मोदी ही क्यों, तो वे आपसे पूछ लेंगे कि मोदी के अलावा कोई विकल्प है क्या। मुख्यमंत्री के लिए नवीन पटनायक पहली पसंद होने की दो वजहें हैं। उनके पिता बीजू पटनायक लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे थे। लोगों का यही इमोशनल रिलेशन नवीन पटनायक से बना हुआ है। दूसरा नवीन पटनायक की योजनाएं लोगों को सीधे फायदा पहुंचा रही हैं।

फिलहाल ओडिशा में उनके मुकाबले में कोई नेता नहीं है। चुनाव से पहले हुए एक सर्वे में नवीन पटनायक को देश का सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बताया गया था। उन्हें 52.7 प्रतिशत पॉपुलैरिटी रेटिंग मिली थी। 2023 में पटनायक 5वें नंबर पर थे।



### बीजेपी को ओडिशा में पीएम की इमेज और बीजेडी से दोस्ती का फायदा

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयर स्ट्राइक का 2019 के चुनाव में असर था। ये कुछ कम हुआ है, पर खत्म नहीं हुआ। लोग पीएम नरेंद्र मोदी की मजबूत और फिट नेता की छवि से प्रभावित लगते हैं। दूसरी ओर नवीन पटनायक 77 साल के हो गए हैं। उनकी बढ़ती उम्र की वजह से लोग 2029 के लिए राज्य में भी विकल्प तलाश कर रहे हैं। नवीन पटनायक विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में नहीं हैं। वे पहले एनडीए का हिस्सा रहे हैं। इसलिए लोगों के मन में बीजेपी की इमेज विरोधी या विपक्ष की नहीं है। पीएम मोदी ने भी 11 मई को कंधमाल की रैली में नवीन पटनायक को निशाने पर लियाथा। उन्होंने कहा कि नवीन बाबू इतने साल से मुख्यमंत्री हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं। नवीन बाबू बिना कागज लिए ओडिशा के जिलों या जिला मुख्यालय के नाम बोलिए, वे नहीं बोल पाएंगे। जो मुख्यमंत्री अपने प्रदेश के जिलों के नाम बिना कागज के नहीं बोल सकता, वह आपके दुख-दर्द को क्या समझेगा।




**एक्सपर्ट बोले- पटनायक के सपोर्टर पीएम के खिलाफ नहीं बोलते-** सीनियर जर्नलिस्ट रबिदास कहते हैं, ओडिशा की मुख्य पार्टी बीजेडी दिल्ली में मोदी को सपोर्ट करती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा और बीजेडी के वोट शेयर में सिर्फ 4 प्रतिशत का अंतर था। विधानसभा चुनाव में ये अंतर 12 प्रति. था। बीजेडी और भाजपा के बीच का अनौपचारिक अलायंस और दूसरा मोदी के लिए बना परसेप्शन, दोनों भाजपा के पक्ष में जाते हैं।' सीनियर जर्नलिस्ट प्रिय रंजन साहू इससे थोड़ा कम इत्तफाक रखते हैं। वे कहते हैं, 'बालाकोट के बाद मोदी की इमेज ऐसी बनी, मानो वे खुद सीमा पर बंदूक लिए खड़े हों। इसका फायदा 2019 के लोकसभा चुनाव में मिला, लेकिन इस बार ये इमेज कमजोर पड़ी है। इसका असर चुनाव पर पड़ेगा। नतीजे या तो पिछली बार जैसे होंगे या एकाध सीट कम हो सकती है। वहीं, जर्नलिस्ट केदार सिंह कहते हैं, मुझे लगता है इस बार 2019 जैसी ही स्थिति रहेगी। हालांकि, पिछली बार जिन 4 सीटों पर भाजपा जीती थी, वहां इस बार टफ फाइट है। बलांगिर, मयूरभंज, कालाहांडी और बालेश्वर में कांग्रेस कड़ी टक्कर दे रही है। भुवनेश्वर सीट भी भाजपा के लिए चैलेंजिग है।

**भाजपा कैंडिडेट बोलीं- पटनायक गायब रहते हैं, बीजेडी का जवाब- वे खुद मिसिंग एमपी**

बीजेपी की नेशनल स्पोक्सपर्सन, भुवनेश्वर की सांसद और इस बार फिर उम्मीदवार अपराजिता सारंगी कहती हैं, यहां के मुख्यमंत्री इनविजिबल है। वे तो कहीं दिखते ही नहीं। उनका काम कोई और करता है। उधर, अपराजिता सारंगी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे और भुवनेश्वर सीट से बीजेडी कैंडिडेट मनमथ राउत्रे अपराजिता को 'सोशल मीडिया एमपी' कहते हैं। कहते हैं, वे मिसिंग एमपी हैं। यहां रहती ही नहीं। उन्हें शायद कुछ और बनना है। यहां की मूल निवासी भी नहीं हैं।'

# प्याज की वैज्ञानिक खेती



## परिचय

प्याज ऐमारलीडेसी परिवार का सदस्य है। इसका वैज्ञानिक नाम एलियस सेपा है। अंग्रेजी में इसे ओनियन कहा जाता है। पूरे संसार में इसकी मांग है।

### गुण एवं उपयोग

प्याज की खेती 5 हजार वर्षों और इससे अधिक समय से होती आयी है। चूँकि प्याज में गंधक युक्त यौगिक पाये जाते हैं इसी वजह से प्याज में गंध और तीखापन होता है।

दवा के रूप में इसके उपयोग से खून के प्लेट बनने में अवरोध पैदा होता है जिससे मनुष्य की पतली नसों में खून के प्रवाह में बाधा पैदा नहीं होती है।

1. मसाले के रूप में
2. आयुर्वेदीय औषधि में
3. भोजन स्वादिष्ट बनाने में
4. सलाद बनाने में
5. आँख की ज्योति बढ़ाने में
6. मवेशियों एवं मुर्गियों के भोजन में
7. कीटनाशक के रूप में
8. प्याज में विटामिन-सी, लोहा और चूना अधिक पाया जाता है।

इसकी खेती के लिए समशीतोष्ण और वर्षा रहित जलवायु की सर्वोत्तम होती है। प्याज के लिए शुरू में 200 सें. गर्मी और 4 से 10 घंटे की धूप लेकिन बाद में 100 सें. गर्मी तथा 12 घंटे धूप अच्छी होती है। अन्य देशों में इसकी औसत उपज 15 टन/हें. है। वर्ष 1980 से अभी तक इसकी उपज में 65.55त्न की वृद्धि हुई है। भारत वर्ष में औसत उपज 10.32 टन/हें. है जबकि विश्व के अन्य देशों में औसत उपज 15 टन/हें. है।

## बिहार में सब्जी उत्पादन

किसी भी सब्जी के वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन में उसके प्रभेदों का अधिक महत्व है तथा हमारी मिट्टी के लिए कौन सा अनुशंसित प्रभेद हैं इसका ध्यान रखना अधिक आवश्यक है। कुछ अनुशंसित प्रभेदों के नाम नीचे दिये जा रहे हैं। ये अधिक उपज देते हैं साथ ही साथ यहाँ की जलवायु के लिए पूर्णतया उपयुक्त हैं।

इसके अलावे प्याज के और प्रभेद भी हैं जिसे किसान सब्जी बीज की दुकान से प्राप्त कर लगाते हैं। वे प्रभेद भी रजिस्टर्ड कम्पनी की होती है लेकिन यह उनकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है।

### बागवानी

प्याज की बागवानी हेतु भूमि का चयन भी आवश्यक है क्योंकि कंद का विकास भूमि की संरचना पर भी निर्भर करती है।

जीवांशयुक्त हल्की दोमट मिट्टी सबसे अच्छी है। अधिक अम्लीय मिट्टी सर्वथा अनुपयुक्त है। जमीन की जुताई अच्छी के साथ-साथ खाद एवं उर्वरक जुताई के समय डालकर अच्छी तरह मिला दिया जाय। मिलाने के बाद पाटा देना चाहिए। इससे खेत की नमी सुरक्षित रहती है तथा खाद को मिट्टी में मिलाने में आसानी होती है। भूमि की तैयारी के साथ पौधशाला की भी तैयारी उतनी ही आवश्यक है। पौधशाला की तैयारी में ख़ास ध्यान देकर उसे खरपतवार से मुक्त कर मिट्टी को भुरभुरी बनाये। पौधशाला में जल जमाव नहीं हो इसका विशेष ध्यान दें। पौधशाला को छोटी क्यारियों में बाँट दें। पौधशाला अपनी आवश्यकता अनुसार बनावें। साधारणतया एक हेक्टेयर प्याज की खेती हेतु 1/12 हें. में बीज लगाते हैं।

पौधशाला में बीज गिराने के बाद उसे पुआल आदि से ढँक देते हैं। बिचड़े को 4-5 सेंमी. के होने के बाद, डायथेन एम-45 का छिड़काव किया जाय ताकि सड़ने गलने से बच सकें।

## बीज की मात्रा

बीज की गुणवत्ता के आधार पर ही इसकी मात्रा निर्भर करती है। (क) बीज स्वस्थ हों, (ख) बीज की अंकुरण क्षमता प्रमाणित हो, (ग) बीज हमेशा नामांकित जगहों से प्राप्त करें।

एक हेक्टेयर प्याज लगाने के लिए 10-12 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है।

## प्याज की बुआई तीन प्रकार से की जाती है:

(क) सीधे बीज डालकर−इसे बलुआही मिट्टी में उपयोग करते हैं। इस विधि में मिट्टी को अच्छे ढंग से तैयार कर बीज खेत में छोड़ देते हैं। इस विधि में बीज की मात्रा 7-8 किलो प्रति हें. लगाते हैं।

(ख) गांठों से प्याज लगाना−छोटे प्याज के गांठों को अप्रैल-मई में लगायी जाती है। प्याज की 12-14 क्विंटल प्रति हें. गाँठ लगते हैं।

(ग) बीज से पौध तैयार कर खेत में लगाना−यह प्रचलित विधि है जिसके द्वारा प्याज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है।



## खेत में रोपाई: दिसम्बर-जनवरी

बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर के सब्जी विभाग में कुछ वर्षों के लगातार प्रयोग के आधार पर (खाद एवं उर्वरक) में निम्नलिखित तथ्य सामने आये है और इन तथ्यों को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी द्वारा अनुशंसित किया गया है।

सबौर क्षेत्र में प्याज के पूसा रेड प्रभेद हेतु पंक्ति से पंक्ति की दूरी 15 सें.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सें.मी. रखने की अनुशंसा की गयी है।

खाद एवं उर्वरक की मात्रा− कम्पोस्ट 10 टन, 150 किलो नेत्रजन, 60 किलो फास्फोरस एवं 30 किलो पोटाश प्रति हें. देने की अनुशंसा की गयी है।

नेत्रजन का प्रयोग तीन बार करें और वह भी सिंचाई के बाद। स्फूर एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत तैयारी के समय ही दी जाय।

## बरसाती प्याज की खेती



बरसाती प्याज के लिए अनुशंसित प्रभेदों में एन.-53 की खेती ज्यादा हो रही है। इसकी अच्छी पैदावार के लिएनिम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

महाराष्ट्र में इसकी खेती अधिक क्षेत्र में हो रही है। मुख्य फसल से प्राप्त प्याज के गांठों को अक्टूबर-नवम्बर से आगे तक भंडारण नहीं किया जा सकता है। सभी प्राय− फूट जाती है और गाँठ खोखले हो जाते हैं। उनकी विक्री समाप्त हो जाती है।

बरसाती प्याज की खेती मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा बिहार में भी हो रही है। नेफेड के द्वारा सेट उगाकर लगाने की तकनीक भी विकसित की गई है जो लाभकारी है।

बीज बोने का समय - मई के अंतिम सप्ताह से जून तक
प्रतिरोपण - अगस्त
अलगाने का समय - दिसम्बर-जनवरी

अन्य प्रभेद जिसकी खेती बरसाती प्याज के रूप में की जाती है ङ्क एग्रीफाऊड डाकरेड, बसवंत 780, अरका कल्याण, उपज 19 -20 टन/हें. ।

## बरसाती प्याज के लिए सेट तैयार करना

दिसम्बर जनवरी के माह में प्याज के बिचडों में छोटा गाँठ बाँधने पर पौधशाला से ही उखाड़ लिये जाते हैं। इन्हें गुच्छों में बांधकर रख देते हैं। रखने से पहले इसे धूप में सुखाते भी हैं। इन सेटों का प्रतिरोपण अगस्त में करते हैं। इनकी गाँठ 2 से 2.5 सें. आकार की अधिक उपयुक्त है। 25 ग्राम बीज प्रतिवर्ग मी. में बोआई करें। 12-15 क्विंटल सेट्स/हेक्टेयर के लिए आवश्यक है।

## साागा प्याज उगाने के तकनीक

सागा प्याज में पूरी गाँठ बनने से पहले पौधा सहित उखाड़ना ही सागा प्याज की खेती में व्यवहार करते हैं। सागा प्याज की खपत है, प्याज की तैयार फसल की तरह करते हैं। प्रयोग के आधार पर सागा प्याज की खेती के लिए अर्ली ग्रानो, पूसा हवाइट फ्लैट तथा पूसा हवाइट राउंड उपयुक्त पाये गये हैं।

## निकाई गुड़ाई एवं सिंचाई

प्याज एक ऐसी फसल है जिसमें बिचड़े की रोपनी के बाद यानि जब पौधे स्थिर हो जाते हैं तब इसमें निकौनी एवं सिंचाई की आवश्यकता पड़ती रहती है। इस फसल में अधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसकी जड़ें 15-20 सें.मी. सतह पफ फैलती है।

1. इसमें पाँच दिनों के अंतराल पर सिंचाई चाहिए।
2. इस फसल में 12-14 सिंचाई देना चाहिए।
3. अधिक गहरी सिंचाई हानिकारक है।
4. पानी की कमी से खेतों में दरार न बन पाये।

आरम्भ में 10-12 दिनों के अंतर पर सिंचाई करें। पुन− गर्मी आने पर 5-7 दिनों पर सिंचाई करनी चाहिए।

हर दो-तीन सिंचाई के साथ घास-पात की निकासी आवश्यक है। इससे पौधों को उचित मात्रा में पोषक तत्व एवं प्रकाश मिलता रहता है।

खरपतवार के नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशी टोक ई 25 का छिड़काव 5 ली. प्रति हें. की दर से करना चाहिए।

## रोग एवं व्याधि

प्याज की आंगमारी− पत्ते पर भूरे धब्बे बाद में पत्ते सूख जाते हैं ङ्क इसके लिए 0.15त्न डायथेन जेड-78 का छिड़काव करें।

मृदुरोमिल फफूंदी− पत्ते पहले पीले, हरे और लम्बे हो जाते हैं तथा उन पत्तों पर गोलाकार धब्बे दिखाई पड़ते हैं। बाद में ये पत्ते मुड़ने और सूखने लगते हैं।

इसकी रोक थाम के लिए 0.35त्न ताम्बा जनित फफूंदी नाशक दवा का छिड़काव करें।

गले का गलन−इसके प्रकोप होने पर शल्क गलकर गिरने लगते हैं।

इसकी रोकथाम के लिए फसल को कीड़े और नमी से बचावें।

प्याज का थ्रिप्स−इसके पिल्लू कीड़े पत्तों और जड़ों को छेद कर रस चूसते हैं। फलस्वरूप पत्तियों पर उजली धारियाँ दिखाई पड़ने लगते हैं और सारा फसल सफेद दिखने लगते हैं।

रोकथाम− इसके रोकथाम के लिए कीटनाशी दवा (मालाथियान) का छिड़काव करें।

फसल की कटाई−जब पौधों के तने सूखने लगे और सूखकर तना पीछे मुड़ने लगे तब प्याज के कंदों को खुरपी के सहारे उखाड़ लिया जाय।

गाँठ सहित पौधों को तीन-चार सप्ताह तक छाया में अवश्य सूखा लें।

## बीजोत्पादन

जमीन की तैयारी पूर्व की तरह ही करें। बीज का उत्पादन

(क) कंद से बीज

(ख) बीज से बीज प्याज के कंद से ही बीज उत्पादन होता है। प्याज पर परागित पौधा है अत−एक ही किस्म के बीज एक जगह लगते हैं और दो किस्मों के बीच पर्याप्त दूरी छोड़ते हैं (कम से कम 700 मीटर) कंद लगाने का समय अक्टूबर है। फूल जनवरी में लगते हैं। समय-समय पर परागण हेतु प्याज के फल लगे डंठलों को हिलाना आवश्यक होता है, ताकि पूर्ण परागण हो सके।

(ग) पुराने एवं स्वस्थ गांठों को जमीन में रोपते हैं इन गांठों से बीज के बाल निकलते हैं। फूल लगते हैं। फूल के गुच्छे जब सूख जाते हैं तो इसे झाड़कर बीज प्राप्त करते हैं।



## प्याज की उन्नत खेती

**जलवायु** − प्याज ठण्डे मौसम की फसल है। इसे सम जलवायु में अच्छी तरह से उगाया जा सकता है। प्याज की फसल के लिए बल्ब बनने के पूर्व 12.80 ङ्क 210 सेन्टीग्रेड एवं बल्ब के विकास हेतु 15.50 ङ्क 250 सेन्टीग्रेड तापक्रम उपयुक्त रहता है। प्रारम्भिक अवस्था में कम तापक्रम बोल्टिंग को बढ़ावा देता है एवं तापक्रम में अचानक बढ़ोत्तरी से शीघ्र परिपक्वता आती है, जिससे बल्ब का आकार छोटा रह जाता है ।

**मृदा**− प्याज सभी प्रकार की मृदाओं में उगायी जा सकती है, लेकिन कन्दीय फसल होने के कारण भुरभुरी तथा उत्तम जल निकास वाली बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है ।

भूमि की तैयारी− प्याज की रोपाई के पूर्व दो–तीन बखर चलाकर खेत को अच्छी तरह तैयार कर लेना चाहिए। तदुपरांत पाटा चलाकर खेत को समतल कर लें।

**एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन** − खाद एवं उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करें। सामान्यत− गोबर की खाद 200–250 क्विंटल, नत्रजन 100 किलोग्राम, स्फुर 80 किलोग्राम एवं पोटाश 60 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से दें । गोबर की खाद, स्फुर, पोटाश तथा नत्रजन की आधी मात्रा पौध रोपण के पूर्व भूमि की तैयारी के समय मृदा में मिलाएं तथा शेष नत्रजन की मात्रा को दो बराबर भागों में बांटकर रोपाई के 30 से 45 दिन बाद देना चाहिए ।

**पौध तैयार करना**− एक हेक्टेयर में रोपाई के लिए 10 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है ।पौध तैयार करने के लिए 331 मीटर आकार की 15 ङ्क 20 सेमी जमीन से ऊंची क्यारियां बनाएं। बीज को 4– 5 सेमी की दूरी पर कतारों में 0.5–1 सेमी की गहराई पर बोयें। बीज को बोने के पूर्व बाविस्टीन 1 ग्राम प्रति किलो या ट्रायकोडर्मा विरडी 4 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। बीज की बुवाई के बाद क्यारियों की सूखी घास अथवा पत्तों से ढंक दें। क्यारियों में आवश्यक नमी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सिंचाई करें ।बीज के अंकुरण होते ही पत्तों को हटा दें।पौध रोपाई के लिए 45 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है। एक हेक्टेयर में रोपाई के लिए पौध तैयार करने हेतु 500 वर्ग मीटर स्थान की आवश्यकता होती है ।

बल्ब वर्गीय सब्जियों में प्याज का प्रमुख स्थान है।प्याज का उपयोग सब्जी, मसाले, सलाद तथा आचार तैयार करने के लिए किया जाता है। भारत में महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडू, हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश प्याज उत्पादन में अग्रणी राज्य है। भारत में 1320.44 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती की जाती है, जिससे 20931.21 हजार मीट्रिक टन उत्पादन (2015–16) प्राप्त होता है।

पौध रोपण एवं समय− पौध जब 10–15 सेमी ऊंचाई के हो जाए तब 15310 सेमी कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी पर रोपण करें ।पौध रोपण के तुरंत बाद सिंचाई करें। रोपाई का उपयुक्त समय खरीफ में जुलाई से अगस्त एवं रबी में दिसम्बर से जनवरी रहता है।

**निंदाई –गुड़ाई** − प्याज एक उथली जड़ वाली फसल है। अत− प्याज के खेत में उथली निंदाई–गुड़ाई करें। प्याज में खरपतवार नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशियों का भी छिड़काव करें। रोपण के तुरंत बाद स्टाम्प (पेन्डीमिथालीन 30 ईसी) की 3.3 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़कें।

**सिंचाई जल प्रबंधन**− सिंचाई की संख्या भूमि का प्रकार और जलवायु के ऊपर निर्भर करती है। प्याज एक उथली जड़ वाली फसल है।इसकी जड़ें भूमि की सतह से 8 सेमी की गहराई तक जाती है।प्याज में आवश्यकतानुसार प्रति सप्ताह हल्की सिंचाई करें। रबी फसल में 8–10 सिंचाई की आवश्यकता होती है।अधिक नमी में पर्पल ब्लॉच की संभावना बढ़ जाती है।खुदाई के 10 दिन पूर्व सिंचाई बंद कर दें।

खुदाई − जब पत्तियों का ऊपरी भाग सूखने लगे तो उसे भूमि में गिरा दें। जिससे प्याज के कंद अच्छी तरह से पक सकें।कंद की खुदाई सावधानीपूर्वक अथवा कुदाली से करें। खुदाई करते समय कन्द में चोट या खरोंच नहीं लगे।

उपज − प्याज की उन्नत किस्मों से औसतन 250–300 क्विंटल प्रति हेक्टेयर।उपज प्राप्त की जा सकती है।

**भण्डारण** − प्याज का भण्डारण एक महत्वपूर्ण कार्य है। खुदाई करने के बाद कंदों को धूप में 7–10 दिन सुखाने के उपरांत हवादार कमरों में फैलाकर रखें। भण्डारण के पूर्व कटे–फटे व रोगी कन्दों को अलग कर दें।

**उन्नत किस्में**−

एग्रीफाउण्ड डार्क रेड ङ्क इस किस्म के कंद गोल, गहरे लाल, 4 – 6 सेमी व्यास के होते हैं।यह किस्म फसल रोपाई के 95–110 दिन में पककर तैयार हो जाती है।यह किस्म खरीफ के लिए उपयुक्त होती है।इस किस्म की औसत उपज 300 क्विंटल प्रति हेक्टर होती है ।

एग्रीफाउण्ड लाइट रेड ङ्क इस किस्म के कंद गोल, हल्के लाल 4–6 सेमी व्यास के होते हैं। यह किस्म रबी के लिए अनुशंसित की जाती है। फसल रोपाई के 120–125 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इस किस्म की औसत उपज 300 क्विंटल प्रति हेक्टर है ।

एनएचआरडीएफ (रेड) यह किस्म वर्ष 2006 में विमोचित की गई है।इस किस्म की भारत के उत्तरी, केन्द्रीय एवं पश्चिमी भागों में रबी मौसम में उगाने के लिए अनुशंसा की गई है।इस किस्म के बल्ब आकर्षक लाल रंग के ग्लोबाकार, गोल, 5–6 सेमी व्यास के होते हैं। एक बल्ब का औसतन वजन 100–120 ग्राम होता है। इसमें कुल घुलनशील ठोस 13–14 प्रतिशत पाया जाता है।पौधों की पत्तियां गहरे हरे रंग की होती हैं।यह किस्म प्रमुख बीमारियों के प्रति मध्यम अवरोधिता रखती है।रोपाई के 115–120 दिनों में फसल पककर तैयार हो जाती है। इस किस्म की औसत उपज 250–300 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**भीमा सुपर**− इस किस्म के कंद ठोस, गोल, सकेन्द्रक, मध्यम लाल रंग के होते हैं। खरीफ में यह किस्म रोपाई के 108 दिन बाद एवं पिछेती खरीफ में 115–120 दिन बाद फसल पककर तैयार हो जाती है।

# प्याज की नर्सरी तैयार करने से लेकर पौध की रोपाई तक, जानिए सब कुछ

अगर आप किसान हैं और पहली बार प्याज की खेती कर रहे हैं तो ये खबर आपके काम आ सकती है. इस खबर में हम आपको प्याज की नर्सरी से लेकर पौध की रोपाई तक की जानकारी दे रहे हैं.

प्याज की नर्सरी तैयार करने से लेकर पौध की रोपाई तक, जानिए सब कुछ

## महाराष्ट्र सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है



प्याज एक ऐसी फसल है जिसे लोग सब्जी और मसाला, दोनों रूप में खाते हैं. वैसे तो देश के ज्यादातर हिस्सों में इसकी खेती साल में दो बार होती है, लेकिन यह रबी सीजन की प्रमुख फसलों में से एक है. किसानों की इसकी खेती को ओर रुझान भी तेजी से बढ़ा है. प्याज का रकबा हर साल बढ़ रहा है.

अगर आप किसान हैं और पहली बार प्याज की खेती कर रहे हैं तो ये खबर आपके काम आ सकती है. इस खबर में हम आपको प्याज की नर्सरी से लेकर पौध की रोपाई तक की जानकारी दे रहे हैं.

## नर्सरी की तैयारी

प्याज की उन्नत एवं सिफारिश की गयी किस्म के बीज को 3 मीटर लम्बी व 1 मीटर चौड़ी, 15 सेमी ऊँची क्यारियों में बोएं.

500 वर्ग मीटर क्षेत्र में तैयार की गयी नर्सरी की पौध एक हेक्टेयर क्षेत्र में फसल उगने के लिए पर्याप्त होती है.

बीजों को क्यारी में बोने से पूर्व केप्टान या थायरम नामक फफुंदनाशक दवा से 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज या ट्राईकोडर्मा विरीडी से 5 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज की दर से उपचारित करें.

उपचारित बीजों को 5 सेमी के अंतर पर बने गई कतारों मे 1 से 2 सेमी गहरे पर बाएं.

इसके बाद कम्पोस्ट खाद या मिट्टी की हलकी परत से बीजों को ढंककर झारे से पानी दें और क्यारियों को घास फूस या अन्य किसी वनस्पति आवरण से ढंक दें.

बीज जब अच्छी तरह अंकुरित हो जाए तो क्यारियों से घास फूस हटा दें.

इसके पहले यदि नर्सरी में सिंचाई की आवश्यकता हो तो सूखी घास हटा कर सिंचाई करने के बाद क्यारियों को फिर से सूखी घास से ढंक दें.

अंकुरण के बाद पौधों को जड़ गलन बीमारी से बचने के लिए 2 ग्राम केप्टान या थायरम दवा को एक लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें.

खरीफ में बुआई के लगभग 6-7 सप्ताह बाद तथा रबी में 8-9 सप्ताह बाद पौध खेत में रोपण के लिए तैयार हो जाती है.

## रोपाई करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

- पौध को रोपनी से उखाड़ने के 2-3 घंटे पहले क्यारियों को सिंचित कर लेना चाहिए जिससे पौध आसानी से उखाड़ सकें.
- पौध की पत्तियों को रोपाई से पूर्व ऊपर से एक चोथाई तक काट लेना चाहिए , ऐसा करने से पौध जमीन में जल्दी लग जाती है.
- पौध की रोपाई सही समय (खरीफ में 6-7 सप्ताह बाद तथा रबी में 8-8 सप्ताह बाद) पर करना चाहिए.
- छोटी या बड़ी उम्र की पौध की खेत में रोपाई करने से प्रति इकाई क्षेत्र से उत्पादन कम मिलता है व उत्पादित प्याज की गुणवत्ता मे व भण्डारण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.
- जहाँ तक संभव हो पौध की रोपाई शाम के समय करना चाहिए.


## पौध की रोपाई



- जब पौध लगभग 15 सेमी ऊंचाई के हो जाएं तब वह खेत में रोपाई के लिए उपुक्त होते हैं.
- रोपाई के पूर्व पौध की जड़ों को बाविस्टीन दवा की 2 ग्राम मात्रा के 1 लीटर पानी में बने हुए घोल में 15-20 मिनिट डुबोकर रखें, उसके बाद रोपाई करे ताकि फसल को बेंगनी धब्बा रोग से बचाया जा सके.
- रोपाई करते समय कतारों के बीच की दूरी 15 सेमी तथा पौध से पौध की दूरी 10 सेमी रखें.

## संक्षिप्त समाचार

### दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन, आईसीआईसीआई बैंक की शुरुआत करने का जाता है श्रेय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक  बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था। वाघुल को वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

### स्कैम 2010 सीरीज की सहारा परिवार ने की निंदा, कहा- कर सकते हैं कानूनी कार्रवाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** द सुब्रत रॉय सागा की घोषणा के एक दिन बाद, सहारा परिवार ने इसके खिलाफ एक बयान जारी कर इसे अपमानजनक हरकत बताया है। उन्होंने कहा है कि वह इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। साथ ही वह इसकी निंदा भी करते हैं। फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने 16 मई को अपनी स्कैम फ्रेंचाइजी स्कैम 2010- द सुब्रत रॉय सागा की तीसरी किस्त का ऐलान किया। यह सीरीज तमल बंद्योपाध्याय की किताब, सहारा- द अनटोल्ड स्टोरी पर आधारित होगी और दिवंगत व्यवसायी के जीवन और कहानी पर केंद्रित होगी, जिन्होंने 1978 में बिजनेस ग्रुप सहारा इंडिया परिवार की स्थापना की थी। अब इस प्रोजेक्ट की जानकारी होने के बाद सहारा परिवार की तरफ से रिएक्शन आया है। सहारा इंडिया परिवार का मानना है कि सेबी और सहारा के बीच विवाद अभी भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और इस मामले की कार्यवाई को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास कोर्ट की अवमानना होगा।

### नई सरकार के तहत कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना : डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं

# कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी, भाव बढ़ने की आस में किसान बेचने से कर रहे परहेज

**मुंबई , एजेंसी।** दो महीने से कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। दूसरी ओर, किसानों को ऐसा लग रहा है कि इस वर्ष कम उत्पादन के कारण कपास की कीमतों तेजी अवश्य आएगी। किसानों के इसी अनुमान की वजह से मौजूदा समय में मंडियों में कपास की आवक भी घट रही है।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के आंकड़ों के अनुसार कॉटन (कपास शंकर 6) की कीमतों में पिछले दो महीनों से लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। कपास की कीमतें गिरकर 16,057 रुपये प्रति क्विंटल हो गई हैं। जबकि दो महीने पहले 15 मार्च 2024 को इसी कपास के लिए 17,434 रुपये प्रति क्विंटल की बोली लग रही थी। वहीं, एक साल पहले शंकर 6 किस्म के कपास का भाव 16,759 रुपये प्रति क्विंटल था। जानकारों के अनुसार यदि कपास के भाव में गिरावट इसी तरह जारी रही तो इससे किसानों को मुश्किल हो सकती है। चाहे वे इसे स्टोर करें या बेच दें पर उनको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। महाराष्ट्र की अधिकतर मंडियों



में कपास का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा है उसके बावजूद किसान और अधिक दाम मिलने की आस में बैठे हैं। इससे मंडियों में कपास की आवक घट रही है। कॉटन एसोसिएशन के नए अनुमान के मुताबिक अक्टूबर-मार्च के दौरान कॉटन निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ पहुंच गया था। जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ का रहा था। सीएआई के नए अनुमान के अनुसार आने वाले समय में कपास की आवक में और कमी रहने की आशंका है क्योंकि साल 2023-24 में 323.1 लाख गांठ के उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है। वायदा बाजार में भी कॉटन के भाव में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। एसएमसी कमोडिटी रिसर्च के अनुसार फिलहाल एमसीएक्स पर कपास 56,000-57,500 प्रति कैंडी (355 किलोग्राम की एक कैंडी होती है) के भाव कारोबार करता दिख रहा है। दूसरी ओर, कॉटन (अप्रैल 2025) वायदा की कीमतें 1,530-1,580 के दायरे में कारोबार रहने की आशंका है। महाराष्ट्र की मंडियों में कॉटन के भाव में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि इस साल कपास के कम उत्पादन के अनुमान को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमतें 2021 और 2022 की तरह 9,000 से 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तक जा सकती हैं।

### कपास की कीमतों पर क्या है वैश्विक अनुमान

एक अगस्त से शुरू होने वाले 2024-25 सीजन में ब्राजील और तुर्की के साथ अमेरिका में कॉटन की फसल अधिक होने की उम्मीद से वैश्विक कॉटन की कीमते घट रही हैं। फिच सॉल्युशन रिसर्च एजेंसी बीएमआई का कहना है कि वैश्विक कॉटन बाजार में मंदी की भावना काफी हद तक 2024-25 में उत्पादन में सुधार विशेषकर अमेरिका में अधिक उत्पादन की उम्मीद के कारण है।

वहीं, अमेरिकी कृषि विभाग यूएसडीए के अनुसार 2024-25 सीजन में अमेरिका में कॉटन का उत्पादन बढ़कर 160 लाख गांठ (204.9 गांठ 170) किलोग्राम होने का अनुमान है। अगले सीजन में वैश्विक उत्पाद 11.90 करोड़ अमेरिकी गांठ (217.72 किलोग्राम) होने का अनुमान है। यूएसडीए को उम्मीद है कि अमेरिका, ब्राजील और तुर्की में कपास की अच्छी फसल चीन और भारत में कम फसल की भरपाई कर देगी। अमेरिका में अच्छी फसल के कारण इस साल फरवरी से कपास की कीमंते घट रही हैं। इस वजह से भारत में भी कपास की कीमतों पर असर पड़ा है। ऑल इंडिया कॉटन ब्रोकर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामानुज दास का कहना है कि भाव 57,500 से 59,000 प्रति कैंडी की रेंज में स्थिर रह सकता है।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर खुशखबरी, 2.56 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस समय विदेशी मुद्रा भंडार के मोर्चे पर भारत को खुशखबरी मिल रही है। बीते 10 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.561 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई। अब अपना भंडार 644.15 अरब डॉलर का हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 10 मई को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान भंडार 2.561 अरब डॉलर से बढ़कर 644.151 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर से बढ़कर 565.648 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.07 अरब डॉलर बढ़कर 55.95 अरब डॉलर हो गया।

## चुनावी माहौल में विदेशी निवेशकों का मोहभंग, 28000 करोड़ के बेच दिये शेयर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों में आकर्षक मूल्यांकन के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 28,200 करोड़ रुपये की निकासी की है। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 8,700 करोड़ रुपये निकाले थे।इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। आगे चलकर चुनाव नतीजों के बाद एफपीआई के इक्विटी प्रवाह में नाटकीय बदलाव देखने को मिल सकता है।

### क्या है एक्सपर्ट की राय

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, राजनीतिक स्थिरता की स्थिति में भारतीय बाजार में भारी निवेश आएगा डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 17 मई तक शेयरों से शुद्ध रूप से 28,242 करोड़ रुपये निकाले हैं। मोजोपीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में एफपीआई की बिकवाली की मुख्य दो वजह हैं। पहली चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता है। एफपीआई आमतौर पर अनिश्चितता की स्थिति में सुरक्षित तरीका अपनाते हैं। इसके अलावा बाजार मूल्यांकन काफी ऊंचा है जिसकी वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं।

## फ्यूचर एंड ऑप्शंस ट्रेडिंग ने बढ़ाई सरकार की टेंशन!



शेयर बाजार में निवेशकों का रुझान फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग की ओर लगातार बढ़ रहा है। इस ट्रेडिंग में हाई रिस्क होने के बावजूद ज्यादातर निवेशक अपनी सेविंग्स के पैसे भी दांव पर लगा दे रहे हैं। सेबी के आंकड़े बताते हैं कि इसका नुकसान हर 10 में से 9 निवेशक को उठाना पड़ रहा है। ऐसे में अब सरकार की ओर से निवेशकों को बार-बार चेताया जा रहा है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कार्यक्रम में लोगों को इस ट्रेडिंग को लेकर आगाह किया था। अब मुख्य आर्थिक सलाहकार सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने भी लोगों को बचत के पैसे निवेश करने से बचने की सलाह दी है।

### क्या कहा मुख्य आर्थिक सलाहकार ने

नागेश्वरन ने कहा कि जब भी वित्तीय क्षेत्र का विकास, राष्ट्रीय विकास से पहले हुआ है, तो ऐसे देशों के लिए नतीजे अच्छे नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई संकट 1997-98 इसका एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने आगे कहा- जब हम इस तथ्य पर गर्व करते हैं कि हमारे पास फ्यूचर एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) में दुनिया की सबसे बड़ी ट्रेडिंग वॉल्यूम है, तो हमें खुद से पूछने की जरूरत है कि यह प्रगति का संकेत है या चिंता का संकेत है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पूंजी बाजार उन क्षेत्रों में बढ़े, जहां हम वास्तव में भारतीय घरेलू बचत का उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं। नागेश्वरन ने कहा कि फ्यूचर एंड ऑप्शंस में छोटी राशि के निवेश पर हमें पुनर्विचार करने की जरूरत है, क्योंकि इसके लिए जरूरी वित्तीय साक्षरता बहुत अलग है।

हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग सेग्मेंट में रिटेल कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी की समस्याएं पैदा कर सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में शुद्ध घरेलू बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये घटकर 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गई है। इस दौरान शेयर बाजार और म्यूचुअल फंडों में निवेश तेजी से बढ़ा है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे माल की लागत और कुछ अन्य खर्चों के कारण जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 3,741 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 46,511.28 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 47,427 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में इसका खर्च 44,401 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले 43,170 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 में, कंपनी का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 8,973 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले 2022-23 में यह 4,139 करोड़ रुपए था।

## दिल्ली-मुंबई और बंगलूरू में क्या है सुंदर पिचई का पसंदीदा खाना, गूगल सीईओ ने खास अंदाज में बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचई ने एओस कंपनी के संस्थापक वरुण मैया के साथ एक साक्षात्कार में अपने निजी जीवन की एक झलक पेश की। इस साक्षात्कार में उन्होंने अपने पसंदीदा भारतीय व्यंजन का भी खुलासा किया। उनसे (पिचई) जब उनके पसंदीदा भारतीय भोजन के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने बड़े ही खास अंदाज में भारत के तीन मेट्रो सिटी दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू से एक-एक व्यंजन का नाम बताया।

### सुंदर पिचई ने बताया अपना पसंदीदा खाना

सुंदर पिचई ने बताया कि जब वह बंगलूरू में होते हैं तो उन्हें डोसा खाना बहुत पसंद है। दिल्ली में उन्हें छोले भटूरे खाना पसंद है और मुंबई में उनका पसंदीदा व्यंजन पाव-भाजी है। उन्होंने कहा, जब यह बंगलूरू होगा, तो मुझे यहां डोसा मिलेगा। यह मेरा पसंदीदा व्यंजन है। अगर यह दिल्ली है तो मुझे यहां के छोले बटूरे पसंद है। मुंबई में मैं पाव-भाजी के साथ जाना चाहूंगा।

### 3-इडियट्स का भी किया जिक्र

इस साक्षात्कार में बॉलीवुड की फिल्म 3-इडियट्स पर भी बात की गई। सुंदर पिचई ने बताया कि असली सफलता चीजों की गहरी समझ रखने में होती है। इसे समझाने के लिए उन्होंने फिल्म के मोटरसाइकिल दृश्य का संदर्भ दिया। प्रतिस्पर्धी परीक्षा मानसिकता को लेकर पूछे गए सवाल पर पिचई ने कहा, मुझे लगता है कि असली सफलता चीजों को गहराई तक समझने से मिलती है। उन्होंने यह विशेष रूप से एफएएएनजी के आवेदकों के लिए कहा। बता दें कि एफएएएनजी अमेरिकी तकनीक दिग्गजों का एक संक्षिप्त शब्द है, इसका मतलब फेसबुक, अमेजन, एपल नेटफ्लिक्स और गूगल है।

### सेबी के पास दाखिल अपना आईपीओ मसौदा वापस लेगा ओयो, अब कंपनी कर रही तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए सेबी को अपना मसौदा फिर से दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी  वापस लेने का आवेदन दिया है। सूत्रों के अनुसार वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी ओयो डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए 450 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने की योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। एक सूत्र ने कहा कि जेपी मॉर्गन डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 9 से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की अनुमानित ब्याज दर पर पुनर्वित्त हासिल करने की प्रक्रिया में लीड बैंकर की भूमिका निभाएगा।

## खाद्य पदार्थों में कीटनाशक का इस्तेमाल रोकने में एफएसएसएआई विफल, अपील पर केंद्र को नोटिस जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक पदार्थों के उपयोग पर चिंता व्यक्त करने वाली याचिका पर केंद्र और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस संबंध में पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक कारण बन गया है।

याचिका में कहा गया है कि खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग/अति उपयोग, कृत्रिम रंग, दालों, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं की कोटिंग और वैक्सिंग के कारण देश भर में बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं।



याचिका में कहा गया है कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक और प्रमुख कारण बन गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने शीर्ष अदालत से कहा कि याचिकाकर्ता ने देशभर से आंकड़े एकत्र किए हैं जो कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतों की बहुत बड़ी संख्या दिखाते हैं।

उन्होंने कहा, कीटनाशकों पर अंकुश लगाने और उन्हें नियंत्रित करने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एफएसएसएआई पूरी तरह विफल रहा है। शेनॉय ने शीर्ष अदालत को बताया, कीटनाशकों और कैंसर के बीच सीधा वैज्ञानिक और चिकित्सकीय संबंध है और ऐसे मामले देश भर में बढ़ रहे हैं।

## रॉकेट की तरह बढ़ेंगे टाटा के 2 शेयर! एक्सपर्ट बोले-मुनाफे के लिए खरीद लो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कुछ कंपनियां ऐसी हैं जिनके शेयर ने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसे ही 2 शेयर- टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा पावर हैं। इन दोनों शेयरों पर अब एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज हाउस आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने टाटा समूह के दोनों शेयरों को खरीदने की सलाह दी है।

### टाटा टेक्नोलॉजीज

बीते साल नवंबर महीने में लिस्टेड कंपनी टाटा टेक के शेयर पर ब्रोकरेज ने खरीदें रेटिंग दी। इसके साथ ही शेयर पर 1330 का टारगेट प्राइस तय किया है। अभी शेयर की कीमत 1052 रुपये है। शेयर का ऑल टाइम हाई 1400 रुपये है। बता दें कि टाटा टेक के आईपीओ ने शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री ली थी। लिस्टिंग के दिन ही 500 के इश्यू प्राइस से 162.85 प्रतिशत बढ़कर 1314.25 पर बंद हुआ। आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने कहा कि टाटा टेक तेजी से बढ़ते ऑटो-




इंजीनियरिंग, अनुसंधान और विकास (ईआर एंड डी) सेगमेंट में अच्छी स्थिति में है। यह पारंपरिक आईटी सेवाओं को पीछे छोड़ रहा है। इसमें कहा गया है कि डिजिटल इंजीनियरिंग की बढ़ती पहुंच टाटा टेक के ग्रोथ की संभावनाओं को बढ़ाते हैं।

पावर सेक्टर के शेयर-टाटा पावर को लेकर भी ब्रोकरेज बुलिश है। ब्रोकरेज ने शेयर पर खरीदें रेटिंग देते हुए 490 का टारगेट प्राइस दिया है। वर्तमान में शेयर की कीमत 441.25 रुपये है। शेयर ने पिछले 1 साल में 109 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। वहीं, 2024 ङ्खञ्जष्ठ में इसमें 31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। ब्रोकरेज ने बताया कि टाटा पावर एसेट-लाइट और एसेट-हैवी दोनों व्यवसायों को मिलाकर एक लीडिंग रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) प्लेटफॉर्म स्थापित कर रहा है।

कंपनी का लक्ष्य अगले दो वर्षों में अपनी आरई क्षमता को दोगुना करना है और वह 4त्रङ्ख सेल और मॉड्यूल क्षमता को चालू करने के करीब है। कंपनी के पास रूफटॉप सौर बाजार में 13त्न बाजार हिस्सेदारी है। इसके अलावा, टाटा पावर भारत की सबसे बड़ी निजी बिजली वितरण कंपनियों में से एक है और हालिया बोली जीत के साथ अपने ट्रांसमिशन कारोबार का विस्तार कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद ने पंजाब को 4 विकेट से हराया

- पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंची
- अभिषेक का अर्धशतक, नटराजन को 2 विकेट



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में रविवार को हुए डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदाराबाद ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। इसी के साथ पॉइंट्स टेबल में 17 अंक के साथ टीम दूसरे नंबर पर आ गई है। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। पंजाब किंग्स ने 5 विकेट खोकर पहली पारी में 214 रन बनाए थे। जवाब ने हैदराबाद ने 6 विकेट खोकर 19.1 ओवर में टारगेट चेज कर लिया। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा ने अर्धशतक जमाया। उन्होंने 28 बॉल में 66 रन की पारी खेली। उनके अलावा हेनरिक क्लासन नेभी 25 बॉल में 42 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में टी नटराजन ने 2 विकेट लिए।

**शाहीन अफरीदी ने किया खुलासा**

### पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बेहद करीब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का मानना है कि पाकिस्तान के पास वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 में आगे बढ़ने का अच्छा मौका है। 2009 में पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता




था और इसके बाद ये टीम कभी इस खिताब पर कब्जा नहीं कर पाया है। पाकिस्तान की टीम साल 2021 में सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2022 में ये टीम फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन ये टीम अहम मौके पर धैर्य बनाए रखने में असफल रही थी।

**कड़ी मेहनत से पाकिस्तान को होगा फायदा-** शाहीन अफरीदी ने बताया कि आखिर इस बार क्यों पाकिस्तान के पास वर्ल्ड कप जीतने का चांस क्यों है। उन्होंने कहा कि इस बार खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन की कड़ी मेहनत से पाकिस्तान को फायदा होगा। उन्होंने इसके लिए पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स का उदाहरण दिया जो 2022 और 2023 में खिताब जीतने से पहले पीएसएल के 4 सीजन में अंकतालिका में



# यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरु की चेन्नई पर 27 रन की जीत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल ने 42 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसमें एम.एस. धोनी को अंतिम ओवर में सात रन पर आउट करना भी शामिल था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स पर 27 रन की शानदार जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश करने का हौसला बनाए रखा। कप्तान फाफ डु प्लेसिस (54), विराट कोहली (47), रजत पाटीदार (41) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38) की सामूहिक बल्लेबाजी में 218/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने सीएसके को शुरू से ही परेशानी में डाले रखा।

हालांकि रचिन रवींद्र ने 61 रन बनाए और रवींद्र जडेजा-एमएस धोनी ने 27 गेंदों पर 61 रन की साझेदारी की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि सीएसके प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए 191/7 पर ही सीमित थी। आरसीबी को लगातार छठी जीत मिली। अब वह 23 मई को अहमदाबाद में एलिमिनेटर खेलेगी। सीएसके शुरू से ही 219 रन का पीछा करने की कोशिश में नहीं थी। ग्लेन मैक्सवेल की शॉर्ट फाइन लेग पर सीधे शॉर्ट बॉल को टॉप-एज करने के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ गोल्डन डक के शिकार हो गए। डेरिल मिशेल कुछ खास नहीं कर सके और यश दयाल के खिलाफ मिड-ऑफ में गेंद गंवाने से पहले केवल छह गेंदों तक टिके रहे। रचिन ने अपने कट और पुल के साथ अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 66 रनों की साझेदारी करके सात चौके लगाकर शुरुआती झटकों के बाद सीएसके के जहाज को संभाला। लेकिन आरसीबी के स्पिनरों द्वारा बनाए गए दबाव का मतलब था कि अजिंक्य रहाणे लॉकी फर्ग्यूसन की पहली गेंद पर नियंत्रण करना चाहते थे, लेकिन 22 गेंदों में 33 रन बनाकर वाइड मिड-ऑफ पर आउट हो गए।

## धोनी ने मारा आईपीएल 2024 का सबसे लंबा छक्का, स्टेडियम के बाहर गई गेंद



**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 68वां मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने बाजी मारकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की की। वहीं, एमएस धोनी ने इस मैच में एक जुझारू पारी पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस पारी में एमएस धोनी ने एक छक्का जड़ा, जो स्टेडियम के बाहर गया। ये छक्का इस सीजन का सबसे लंबा छक्का था।

एमएस धोनी ने इस मैच में 13 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली। उन्होंने 192.31 की स्ट्राइक रेट से 3 चौके और 1 छक्का जड़ा। धोनी ने इस पारी के दौरान तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर इस सीजन का सबसे लंबा छक्का लगाया। यश दयाल ने पारी के आखिरी ओवर की पहली गेंद फुलटॉस गेंद फेंकी थी। धोनी ने फाइन लेग के ऊपर से यह गेंद स्टेडियम के बाहर मारी। इस छक्के की लंबाई 110 मीटर था। इसी के साथ धोनी ने दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ा।

**आईपीएल 2024 के सबसे लंबे छक्के**

- एमएस धोनी - 110 मीटर
- दिनेश कार्तिक - 108 मीटर
- शिम्रोन हेटमायर - 106 मीटर
- हेनरिक क्लासेन - 106 मीटर
- निकोलस पूरन - 106 मीटर
- वेंकटेश अय्यर - 106 मीटर
- जॉनी बेयरस्टो - 105 मीटर

**पेरिस ओलंपिक**

# परवीन के निलंबन के बाद ओलंपिक क्वालिफायर के 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी जैस्मिन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी थी, जबकि वाडा नियमों के तहत यह जानकारी देना अनिवार्य है। यही वजह है उन पर 22 महीने का निलंबन लगाया गया है।

मुक्केबाज परवीन हुड्डा के निलंबन की वजह से भारत ने 57 किग्रा वजन वर्ग का पेरिस ओलंपिक कोटा गंवा दिया। हालांकि, अब जैस्मिन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफायर में हिस्सा लेंगी। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने शुक्रवार को परवीन को 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया था। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शनिवार को कहा, ठिकाने की जानकारी देने में विफल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी (आईटीए) द्वारा कोटा विजेता परवीन को निलंबित किए जाने के बाद जैस्मीन थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। जैस्मीन पहले क्वालिफायर और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में 60 किग्रा में खेली थीं। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 60 किग्रा में कांस्य पदक जीता था।

# महेंद्र सिंह धोनी की भावुक विदाई!

## आंखों में दिखे आंसू, सबके बीच रहकर भी अकेले पड़ गए माही

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गत विजेता और पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी। घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने करो या मरो के मैच में चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। मैच के बाद अब एकबार फिर सारी निगाहें धोनी की ओर टकटकी लगाए देख रही है। जिस तरह एक के बाद एक इशारे मिल रहे थे, उसकी कड़ियों को जोड़ने पर यही लगता था कि धोनी आखिरी बार आईपीएल खेल रहे हैं। इसके बाद शायद संन्यास ले लेंगे। येलो आर्मी अगर चैंपियन बनती या फाइनल में भी पहुंचती तब तो ऐसे बिग इवेंट धोनी को ग्रैंड विदाई मिलती। मगर अब एकबार फिर से कयासों का दौर शुरू हो चुका है।



आरसीबी से हार के बाद धोनी की एक दिल तोड़ने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जब जीत की उम्मीदें धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही थी। टीम को तीन गेंद पर 11 रन की जरूरत थी। धोनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी पर आउट हो चुके थे। डगआउट में वापस जाकर दोबारा मैदान पर नजर गड़ाने की कोशिश कर रहे थे। सिर पीछे झुकाए, जो छुट गया उसके बारे में सोच रहे थे। आंखों में नमी थी। चेहरे पर खामोशी थी। एक अजीब सी शांति, जिसके भीतर जज्बातों का तूफान पल रहा था। शायद धोनी बखूबी जानते हैं कि वह 42 साल की उम्र में शानदार फॉर्म के बावजूद फाइनल के नजदीक पहुंचाने का मौका गंवा चुके हैं। धोनी के तमाम चाहने वाले इस बात को लेकर टेंशन में है कि क्या 18 मई दिन शनिवार को धोनी ने सीएसके के लिए अपना आखिरी मैच खेला लिया और क्या उनका आईपीएल करियर का दुखद अंत हो गया। धोनी ने 13 गेंदों में 25 रन की साहसिक पारी खेली, जो सुपर किंग्स के लिए एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ काफी साबित नहीं हुई। यश दयाल ने आखिरी ओवर में सीएसके को जरूरी 17 रन बनाने नहीं दिए। धोनी ने 110 मीटर का छक्का लगाया। अंतिम ओवर की दूसरी गेंद पर आउट होने के बाद धोनी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और गुस्से में नजर आए। धोनी ने डगआउट में वापस जाते समय अपने बल्ले से मुक्का मारा और डगआउट में टेंशन में दिखे जबकि यश दयाल ने शानदार अंतिम ओवर पूरा किया और आरसीबी के लिए डील पक्की कर दी।




# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता, चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था। सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

# एलोरडा कप में भारत के नाम 12 पदक, निकहत-मीनाक्षी ने स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को भारतीय टीम ने एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया। निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 20 मई 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## करियर के खातिर इन अभिनेत्रियों ने छुपाई पहचान

# नाम बदलकर फैंस के दिलों पर कर रहीं राज

टीवी अभिनेत्रियों के चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं। टीवी हसीनाओं के भी लाखों में फैंस हैं, जिन्हें उनके बारे में हर बात जानने की खूब दिलचस्पी रहती है। सोशल मीडिया पर इन अभिनेत्रियों की तस्वीरें आते ही छा जाती हैं। मगर इन अभिनेत्रियों को ये पहचान यूं ही हासिल नहीं हुई है। इसके लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की है। तब जाकर ये मुकाम हासिल हुआ है। वहीं, कई अभिनेत्रियों ने तो करियर की खातिर अपना नाम तक बदल दिया है। आज हम इस लेख में उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर के लिए नाम बदल लिया। तो चलिए जानते हैं...

### अंकिता लोखंडे



टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अंकिता लोखंडे का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अंकिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी शो पवित्र रिश्ता से अंकिता को पहचान मिली थी। मगर उनके बारे में ये बहुत कम लोग जानते होंगे कि उनका नाम पहले तनुजा लोखंडे था। उन्होंने बाद में अपना नाम अंकिता रखा।

### रश्मि देसाई



टीवी अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेत्री दो बार अपना नाम बदल चुकी हैं। बचपन में उनका नाम शिवानी था, जिसे बदलकर बाद में उनकी मम्मी ने दिव्या नाम रख दिया था। मगर पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपना फिर से नाम बदल दिया और रश्मि देसाई रख लिया।

### दलजीत कौर



टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर का नाम भी इसमें शामिल हैं। वह भी अपना नाम बदल चुकी हैं। दलजीत कौर का नाम पहले दीपा कौर था। अभिनय करियर की शुरुआत से दलजीत ने अपना नाम बदलकर दलजीत कौर रख लिया था। अभिनेत्री को सीरियल इस प्यार को क्या नाम दूं से पहचान मिली थी।

### अनिता हसनंदानी




अनिता हसनंदानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अनिता किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई बड़े सीरियल में अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी बतौर लीड एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं। जब उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत की तब उनका नाम नताशा हसनंदानी था, जिसे बदलकर बाद में उन्होंने अनिता हसनंदानी कर लिया था।

### निया शर्मा



टीवी की सबसे बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक निया शर्मा का नाम भी इसमें शामिल है। निया का नाम इंडस्ट्री में आने से पहले निशा शर्मा था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले अपना नाम निशा से बदलकर निया शर्मा रख लिया था। निया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें साझा करती रहती हैं।



# साल के अंत तक शादी कर सकती है सारा अली खान

मशहूर अभिनेता सैफ अली खान और एक्ट्रेस अमृता सिंह की बेटी एक्ट्रेस सारा अली खान हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। सारा की प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों लाइफ में लगातार कुछ न कुछ चलता रहता है।

अब तक सारा का नाम दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, कार्तिक आर्यन और क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जुड़ चुका है। हालांकि सारा ने कभी भी किसी रिलेशन के बारे में कोई बयान नहीं दिया। अब एक रेडिट पोस्ट में दावा किया गया है कि सारा जल्द ही विवाह बंधन में बंधेंगी। पोस्ट में यहां तक कहा गया है कि सारा की सगाई हो चुकी है और वह इस साल के अंत तक शादी कर लेंगी।

पोस्ट में लिखा है, मैंने यह पहले भी कहा था और किसी ने भी मुझ पर विश्वास नहीं किया, लेकिन अब सारा की सगाई हो चुकी है और कपल इस साल शादी करेगा। सारा बहुत जल्द मेट्रो इन दिनों की शूटिंग पूरी करेंगी। उन्होंने कोई नई फिल्म साइन नहीं की है और वह अपनी शादी की तैयारी शुरू कर देंगी। सारा उनके प्यार में पागल हैं और बहुत खुश हैं। उनके परिवार ने भी इस रिश्ते को मंजूरी दे दी है। विश्वास करो या नहीं, सारा को नई जर्नी के लिए शुभकामनाएं।

वह एक अमीर बिजनेसमैन हैं, जो सारा के प्यार में पागल हैं। वह भी इस रिश्ते से काफी खुश है। उनके परिवार को यह लड़का मंजूर है और सारा इस साल शादी करने की योजना बना रही हैं, जिसके लिए उन्होंने कोई नई फिल्म साइन नहीं की है। बता दें कि सारा फिलहाल मेट्रो इन दिनों की शूटिंग कर रही हैं। वह इसके बाद अक्षय कुमार के साथ फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगी।

सारा ने साल 2018 में अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म केदारनाथ से शुरुआत की थी। सारा 'सिंबा', गैसलाइट, जरा हटके जरा बचके, मर्डर मुबारक, ऐ वतन मेरे वतन समेत कुछ और फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

## हीरामंडी देखने के बाद

# मनीषा कोइराला से सोनाक्षी ने माँगी माफी



हिन्दी फिल्मों के ख्यातनाम निर्देशक संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी~द डायमंड बाजार इन दिनों दुनिया के 192 देशों में नेटफ्लिक्स के जरिये प्रसारित हो रहा है। अपने दूसरे सप्ताह में भी इस वेब सीरीज ने दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। भंसाली की यह वेब सीरीज उनकी फिल्मों की तरह ही लोकप्रियता हासिल कर रही है। सीरीज 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शेखर सुमन, अध्ययन सुमन, फरदीन खान समेत कई स्टार्स नजर आ रहे हैं, जो लाइमलाइट में हैं। 'दबंग गर्ल' सोनाक्षी ने रेहाना आपा और फरीदन का किरदार निभाया है। अब सोनाक्षी सिन्हा ने खुलासा किया की यह सीरीज देखने के बाद उन्होंने सीनियर कलाकार 'ईलू ईलू गर्ल' मनीषा कोईराला से माफी मांगी थी। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे पूछा गया कि मनीषा के साथ दोस्ती कैसे हुई? तो उन्होंने बताया कि मैं उनसे प्यार करती हूं। पूरी सीरीज देखने के बाद मैंने उनसे माफी भी मांगी! मैं कैसी थी, मैंने ये कैसे किया है? मेरी ये मजाल कहां से आई! वे अद्भुत हैं और यही खूबसूरती है कि आपके सामने इतनी अच्छी एक्ट्रेस हैं, क्योंकि वे आपको बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

वो मनीषा कोइराला हैं, जिन्हें हम देखते हुए बड़े हुए हैं। उनके पास काम करने की अद्भुत क्षमता है। मैंने सोचा कि मैं उनके सामने हूं इसलिए बेहतर होगा कि मैं कुछ अच्छा करूं। हमें एक-दूसरे के साथ हंसी-मजाक करने में बहुत मजा आता है। आप इसमें पूरी तरह शामिल हो जाते हैं। मुझे मनीषा मैडम के साथ काम करने में बहुत मजा आया। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा जो मेरे बहुत काम आएगा।

## सत्यराज की अगली फिल्म पर चर्चा तेज

# पीएम मोदी की भूमिका निभाएंगे बाहुबली के कटप्पा?



प्रभास की फिल्म फ्रेंचाइजी बाहुबली में कटप्पा का किरदार निभा चुके अभिनेता सत्यराज अब पर्दे पर एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की तैयारी कर रहे हैं। यह पीएम नरेंद्र मोदी की भूमिका होगी।

साउथ अभिनेता अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने प्रभास अभिनीत फिल्म फ्रेंचाइजी बाहुबली में कटप्पा का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह सत्यराज के करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, अब चर्चा है कि सत्यराज एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं।

### सत्यराज बनेंगे पीएम मोदी!

दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वे अगली बार बायोपिक में नजर आने वाले हैं और खबर है यह कि बायोपिक में सत्यराज वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये अफवाहें इंटरनेट पर तेजी से फैली हुई हैं। अभी इन खबरों की पुष्टि होना बाकी है। यदि ऐसा होता है तो सत्यराज को पीएम मोदी की भूमिका में देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होगा।

### कई सितारे पर्दे पर बने पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के बारे में बनने जा रही यह कोई पहली फिल्म नहीं होगी। इससे पहले भी पीएम मोदी का किरदार कई सितारे निभा चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने 2019 की पीएम मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी में उनका किरदार निभाया था। इसके साथ महेश ठाकुर समेत अन्य सितारे में पर्दे पर पीएम मोदी बन चुके हैं।

### इस साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

वहीं चर्चा है कि सत्यराज जिस फिल्म में पीएम मोदी का किरदार निभाने वाले हैं, उसकी शूटिंग इस साल शुरू हो जाएगी। हालांकि, फिल्म से जुड़ी अन्य जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। फिल्म के अन्य कलाकार और क्रू और तकनिकी टीम के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बाहुबली में कटप्पा की भूमिका निभाने के बाद से सत्यराज अपनी आगामी साउथ फिल्मों फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं।

# हीरामंडी में अपने अभिनय के लिए तारीफ पा रही हैं संजीदा शेख



संजीदा शेख इन दिनों हीरामंडीः द डायमंड बाजार की वजह से चर्चाओं में हैं। संजीदा ने 'मल्लिकाजान' की बहन 'वहीदा' का रोल निभाया है। हीरामंडी में वहीदा के रूप में उनके अभिनय की दर्शकों ने खुलकर तारीफ की है। अब संजीदा ने तलाक को लेकर खुलकर बात की। संजीदा ने इंटरव्यू में कहा कि मेरे साइड की स्टोरी सिर्फ मैं जानती हूं। मेरे परिवार ने मुझे इतनी लिबर्टी दी कि मैं उस बारे में बात कर सकूं कि मैं क्या फील करती हूं। तो ऐसा नहीं है कि मैं बाहर जाऊं और इस बारे में बात करूं। मुझे ऐसा करने में बहुत गर्व महसूस होता है। मैं ऐसी नहीं हूं कि कोई जो सिर्फ महिलाओं का समर्थन करें और पुरुष को सिर्फ कोसे। मुझे पता था कि लोग आधी कच्ची पक्की स्टोरी पर दो दिन तक बात करेंगे और फिर उसे भूल जाएंगे। मेरी बेटी मुझ पर गर्व महसूस करती है और ये बहुत बड़ी ब्लेसिंग है। जब मेरा तलाक हुआ था तो लोग मेरे बारे में गंदी-गंदी बाते करते थे। अब लोग मुझे बतौर एक्टर सीरियसली लेने लगे हैं। अब लोग मेरी परफॉर्मेंस के बारे में लिखते हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब लोग मेरे बारे में गंदी बाते लिखते थे। संजीदा और आमिर को साल 2007 में टीवी शो 'क्या दिल में है' के दौरान प्यार हो गया था। दोनों ने साल 2012 में शादी की और साल 2019 में सेरोगेसी के जरिए बेटी के पेरेंट्स बने।

# प्रभास नहीं, कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करेंगी अनुष्का शेट्टी?

### रिपोर्ट में दावा- हो चुकी है दोनों की सगाई



खबर है कि अनुष्का शेट्टी की एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करेंगी और उम्र 42 साल है। एक रिपोर्ट में दावा है कि कि अनुष्का शेट्टी की सगाई हो चुकी है और शादी की डेट भी फिक्स हो चुकी है। अब तक फैंस यह मानकर चल रहे थे कि अनुष्का शेट्टी बेस्ट फ्रेंड प्रभास को डेट कर रही हैं। बाहुबली की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी को लेकर जो खबर आई है, उससे फैंस को झटका लग सकता है। खासकर, उन फैंस को जो प्रभास के साथ उनकी शादी का सपना देख रहे हैं। दरअसल, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अनुष्का शेट्टी एक्टर प्रभास से नहीं बल्कि एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अनुष्का शेट्टी की प्रोड्यूसर से सगाई भी हो चुकी है। शादी इस साल के आखिर तक हो जाएगी। यह खबर वाकई प्रभास-अनुष्का के फैंस का दिल तोड़ने वाली है।

# कान्स फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उतरना जिंदगी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह : पॉप स्टार किंग



सिंगर-सॉन्गराइटर और रैपर किंग 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए और रेड कार्पेट पर चले। ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय पॉप आर्टिस्ट बन गए। किंग मान मेरी जान, तू आके देखले और उप्स जैसे अपने लोकप्रिय ट्रैक के लिए जाने जाते हैं। अनुभव के बारे में बात करते हुए किंग ने कहा, यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं, बल्कि वहां मौजूद सभी प्रतिभाशाली भारतीय म्यूजिशियन का प्रतिनिधित्व करने के बारे में है। कान फिल्म फेस्टिवल एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह लगा, दुनिया को यह दिखाने का मौका मिला कि भारतीय म्यूजिक क्या कर सकता है। किंग ने कहा, मैं एक भारतीय डिजाइनर का आउटफिट पहनना चाहता था और अपने देश का एक हिस्सा अपने साथ लाना चाहता था।

### पूर्व पति रितेश बोले- हंसी उड़ाने वालों की उलटी गिनती शुरू

# सफलतापूर्वक हुई राखी की सर्जरी



बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। उनकी तबीयत खराब है। आज उनकी सर्जरी हुई है, जो कि सफर रही। राखी सावंत के गर्भाशय में ट्यूमर पाया गया था, जिसकी सर्जरी आज हो गई है। अभिनेत्री के पूर्व पति रितेश ने उनकी सहेत का हाल बताते हुए कहा है, राखी सावंत की सर्जरी सफल रही। ट्यूमर काफी बड़ा था। अभी राखी होश में नहीं आई हैं। रितेश ने आगे बताया, राखी को करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन थिएटर में रखा गया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हंसी उड़ाने वालों में इंसानियत नहीं है। लेकिन, अब उनकी उलटी गिनती शुरू हो गई हैं। रितेश ने कहा कि जो लोग हंस रहे थे मैं नहीं मानता कि उनमें इंसानियत बची है। दूसरे के दर्द को आप मजाक समझते हो। लेकिन, राखी तुम फिक्र मत करना, हम तुम्हारा ख्याल रखेंगे। आदिल दुर्रानी ने राखी सावंत की सर्जरी को ड्रामा बताया था।



# दीपिका के मां बनने से पहले रणवीर ने उन्हें दिया नया नाम

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं और ऐसा लग रहा है कि बेबी का वेलकम करने से पहले रणवीर ने दीपिका को एक नया निकनेम दिया है. इंस्टाग्राम पर एक नई पोस्ट में रणवीर ने अपनी पत्नी को बधाई देते हुए पोस्ट लिखी क्योंकि वह डेडलाइन की ग्लोबल डिसरप्टर्स 2024 सूची में शामिल होने वाली पहली भारतीय स्टार बन गई हैं. उन्होंने दीपिका को अपनी बेबी मम्मा कहा. डेडलाइन आर्टिकल का एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए रणवीर ने लिखा, बेबी मम्मा ने मुझे हिलाकर रख दिया, हां. उन्होंने एक क्राउन इमोजी भी जोड़ा और दीपिका और डेडलाइन को टैग किया. दीपिका और रणवीर ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी.

बच्चा सितंबर में आने वाला है. बाफ्टा में साड़ी से पेट ढककर आने के बाद कपल ने उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रही अफवाहों को कनफर्म करने का फैसला किया. मार्च में रणवीर ने यह भी बताया था कि वह पिता बनने को लेकर कितने एक्साइटेड हैं. बता दें कि दीपिका ने इस हफ्ते की शुरुआत डेडलाइन की लिस्ट में शामिल होकर की. अपने सफर और इंस्पिरेशन के बारे में बात करते हुए दीपिका ने फिल्म इंडस्ट्री के सपोर्टिंग नेचर के लिए बेहद तारफ की और कहा, बेशक एक फिल्म की सफलता अहम है लेकिन मेरे लिए लोगों के साथ बिताया गया समय बहुत अहम है और फिल्म के सेट पर मेरे अनुभव सबसे अहम हैं.

- साभार एजेंसी